तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 10.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 नवंबर 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

12 निगम का मोबाइल टावरों पर कड़ा रुख सात दिन में कराना होगा नवीनीकरण



12 गणित और भाषा की समझ बढ़ी, लगा एफएलएन मेला





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


खबर संक्षेप

## लोगों को डराने वाला युवक पकड़ा गया



**भिलाई।** चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम एक युवक सड़क पर स्टील का चाकू लहराकर लोगों को डराता हुआ घूम रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर आरोपी शेख आयुब पिता शेख याकुब उम्र 20 साल निवासी एसबीआई बैंक कॉलोनी भिलाई नगर को पकड़ लिया। उसके पास से धारदार स्टील का चाकू बरामद किया गया। गवाहों की मौजूदगी में चाकू जब्त करने के बाद उसे थाने लाया गया।

## गणना पत्र के लिए निगम में हेल्पडेस्क

**भिलाई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा हर एक मतदाता को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है, यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र नहीं मिला हो तो स्थानीय बीएलओ से संपर्क करें। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से अपील है कि विशेष सघन पुनरीक्षण में उत्साह से भाग लें और आपके बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। यदि गणना प्रपत्र को भरने में कोई कठिनाई हो तो आपके बीएलओ , जोन कार्यालय स्थित हेल्प डेस्क या टोल फ्री नंबर 0788- 2294303 पर संपर्क कर सकते हैं। गणना प्रपत्र में सबसे ऊपर आपके बीएलओ का मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। आप सब से अपेक्षा है कि अपने बीएलओ को सहयोग करें, प्रत्येक मतदाता के 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तैयार रखें। वर्ष 2003 के विशेष सघन पुनरीक्षण में आपका या आपके परिवार के सदस्यों का नाम खोजने के लिए https://voters.eci.gov.in या जोन कार्यालय स्थित हेल्प डेस्क या आपके बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। गणना पत्र समय पर जमा नहीं किया तो मतदाता सूची से नाम कट जाएगा।

खुलासा : स्कूल शिक्षा मंत्री के गृह जिले में चल रहा है ऐसा खेल

# आरटीई में बड़ा फर्जीवाड़ा- भिलाई निगम के जाली दस्तावेज से हुआ 28 बच्चों का दाखिला

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई





शिक्षा का अधिकार यानि आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के मामले में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां गलत तरीके से अपात्रों को दाखिला दिलाने के लिए अब मॉफिया सक्रिय हो गए हैं। ये लोग पहले तो अपात्रों से मोटी रकम लेते हैं, उसके बाद दाखिला दिलाने के लिए उस बच्चे का जाली दस्तावेज तैयार करते हैं। इस उस फर्जी दस्तावेज से उसका निजी स्कूल में दाखिला हो जाता है।

दुर्ग जिले में ऐसे ही एक मामले का खुलासा हुआ है। इसमें आरटीई के तहत दाखिला दिलाने के लिए भिलाई निगम की नकली सील (मुहर) बनवाई गई। जाली गरीबी रेखा सूची प्रमाण पत्र बनाकर इस सील का इस्तेमाल किया। यहां तक जोन अधिकारी के जाली हस्ताक्षर भी किए गए। इसके बाद फर्जी दस्तावेज के सहारे भिलाई के चार नामी निजी स्कूलों में 28 बच्चों का दाखिला आरटीई के तहत करवा लिया गया। ये पूरा मामला वर्तमान शिक्षा सत्र 2025 का ही है। सबसे गंभीर बात यह है कि स्कूली शिक्षा मंत्री के गृहजिले में वास्तविक गरीब बच्चों के हक को छीनने में मॉफिया कामयाब हो रहे हैं और यह एक चुनौती है।

### इस तरह फर्जी सर्टिफिकेट का हुआ खुलासा

सूचना के अधिकार के तहत इन 28 बच्चों के जारी दस्तावेज की कापी जुटाई गई। इन बच्चों को भिलाई निगम के जोन आयुक्त कार्यालय से जो सत्यापन प्रमाण पत्र जारी किया गया है उनमें गरीबी रेखा की सर्वे सूची वर्ष 2007-08 के परिवार संख्या भी फर्जी डाल दिया गया है। इसका मिलान खाद्य विभाग द्वारा जारी बीपीएल सर्वे सूची से किया गया तो इन बच्चों के परिवार का नाम ही नहीं पाया गया। भिलाई निगम से भी इन दस्तावेजों की जांच करवाई गई तो संबंधित जोन आयुक्तों ने लिखित में दिया है कि ये उनके कार्यालय से नहीं जारी हुए हैं और न ही सील मुहर इस कार्यालय के हैं। हस्ताक्षर भी जोन में नियुक्त अधिकारी के नहीं हैं।

### पूरे मामले में शिक्षा विभाग मौन

इतने बड़े फर्जीवाड़े की जानकारी शिक्षा विभाग को भी दी गई है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले की जांच करने की जगह शिकायत की फाइल को दबा दिया। जानकारों का कहना है कि इतनी बड़ी साजिश को शिक्षा विभाग के आरटीई शाखा की मिलीभगत के बिना अंजाम नहीं दिया जा सकता। इसलिए विभाग के अधिकारियों ने इसे आगे नहीं बढ़ने दिया।

### इन मामलों से समझिए जाली दस्तावेज की कहानी

**केस 1** आरटीई क्रमांक 202500797039 का वार्ड एक भिलाई निगम के जाली दस्तावेज से दाखिला हुआ है। इसका नाम बीपीएल सर्वे सूची 2007-08 के सर्वे सूत्र पात्र परिवार की क्रम संख्या 10250 दर्ज उल्लेखित किया गया है।

**केस 2** आरटीई क्रमांक 202500808553 का वार्ड 54 निवासी बताया गया है। इसका नाम सर्वे सूची परिवार क्रमांक 33311 बताया गया है। भिलाई जोन क्रमांक 3 के नाम से सत्यापन प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

**केस 3** आरटीई क्रमांक 202500814948 वार्ड एक का निवासी बताया गया है। इनका नाम सर्वे सूची परिवार की क्रम संख्या 11095 में दर्ज बताया गया है। जबकि इस परिवार का नाम ही वास्तविक सूची में नहीं है।

**केस 4** आरटीई क्रमांक 202500791842 वार्ड 57 का निवासी बताया गया है। इनका नाम सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 11715 में दर्ज होना बताया गया है।

**केस 5** आरटीई क्रमांक 202500834723 वार्ड एक का निवासी बताया गया है। इनका सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 9180 बताया गया है।

**केस 6** आरटीई क्रमांक 202500 797045 वार्ड 8 का निवासी बताया गया है। इनका सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 14353 में दर्ज बताया गया है।

**केस 7** आरटीई क्रमांक 202500 839485 वार्ड एक का निवासी बताया गया है। इनका सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 559 में दर्ज बताया गया है।

**केस 8** आरटीई क्रमांक 202500 801728 वार्ड एक निवासी बताया गया है। इनका सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 7200 उल्लेखित किया गया है।

**केस 9** आरटीई क्रमांक 202400 640502 को जोन से सत्यापन प्रमाण पत्र जारी हुआ है। सर्वे सूची परिवार क्रम संख्या 10825 में दर्ज होन बताया गया है।

**केस 10** आरटीई क्रमांक 202400 658345 वार्ड एक निवासी बताकर सत्यापन प्रमाण पत्र दिया गया है। सर्वे सूची परिवार संख्या 8320 दर्ज है।

**नोट-** इसके अलावा आरटीई क्रमांक 202400 584493, 202400 684489, 202400 661035, 202500 815645, 202400 625803, 202400 661913,202500 815958, 202500 815156,202500 818121,202500 820403, 202500 815160, 202500 805461, 202500 815966 202500 814345 का भी फर्जी सत्यापन सर्टिफिकेट के जरिए दाखिला करवाया गया है।

**हाईकोर्ट का आदेश - कार्रवाई करें इन अफसरों पर :** हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका भिलाई के समाजसेवी द्वारा लगाई गई है। अपर महाअधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने हाई कोर्ट को सूचित किया है कि आरटीई प्रवेश की सभी शिकायतों को निराकृत किया गया है लेकिन दुर्ग जिला शिक्षा कार्यालय के सभी आरटीई शिकायत लंबित हैं। हाईकोर्ट के द्वारा फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रवेश होने पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा संबंधित पालकों पर कार्रवाई करने का आदेश 17 सितंबर 2025 को दिया गया है।

लूट के तीन आरोपी पकड़े गए

## मोबाइल पर बात करने के बहाने लूट की घटना को दिया था अंजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मारपीट करके लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले बात करने के लिए मोबाइल मांगा उसके बाद लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, लूट का मोबाइल और खेत में दवा छिड़कने की मशीन को जप्त किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 309 (6) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है। मामला चौकी जेवरा सिरसा थाना पुलगांव क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बजरंग पारा कोहका निवासी हरिशंकर 25 अक्टूबर शाम करीब 5 बजे घर में काम करने वाले अभिषेक के साथ ग्राम करंजा भिलाई ढौर रोड स्थित अपने खेत की देख रेख करने के लिए गया था। शाम करीब 7.30 बजे दो लोग बाइक से उसके खेत में आकर बात करने के लिए प्रार्थी से मोबाइल मांगा। प्रार्थी ने उन लोगों को अपना मोबाइल दिया इसके बाद दोनों आरोपियों ने उससे गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के उन्होंने हरिशंकर से खेत से दवाई छिड़कने की मशीन, उनका मोबाइल औप 5000 रुपए नगद लूटा और भाग गए। हरिशंकर के बेटे रजत कुमार ने 4 नवंबर को चौकी जेवरा सिरसा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान ग्राम करंजा भिलाई के ही रहने वाले संदेही दुर्गेश पटेल उर्फ पिन्टू, गोवर्धन पटेल और डिकेश पटेल को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उन्होंने मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उन्होंने 5000 रुपए को खर्च करना और मोबाइल को तालाब में फेंक देना बताया।

▪ मोबाइल, पांच हजार रुपए कैश और दवाई छिड़कने की मशीन लूटकर भागे

## नाबालिग चालक और वाहन मालिक पर न्यायालय ने लगाया 34 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हार्न वाली बुलेट चलाने वाले नाबालिग और वाहन मालिक पर सुपेला थाना पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बाइक जब्त न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने दोनों पर 34 हजार का जुर्माना लगाया है। दोनों के खिलाफ धारा 190(2), 182ए, 190(2), 184, 179/194, मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सुपेला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाली बुलेट के चालक व मालिक पर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान एक बुलेट सीजी 07 एएक्स 6700 तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हार्न के साथ अनियंत्रित गति में दौड़ती मिली। रोकने का इशारा करने पर बाइक पर लगे मोडिफाई साईलेन्सर से फटाका जैसा आवाज निकालते हुए चालक भागने लगा। पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ा। जांच में पता चला कि बाइक चला रहा युवक नाबालिग है। उसके पास हेलमेट और लाइसेंस भी नहीं था। साथ ही बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हार्न लगे थे। पुलिस ने नाबालिग चालक और बाइक मालिक सुभाष विजेकर (19 साल) निवासी सुपेला के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। बुलेट को जब्त कर मामला न्यायालय भेजा गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने नाबालिग चालक और वाहन मालिक दोनों पर 34 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

▪ बिना लाइसेंस के मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हार्न वाली बुलेट चलाने पर कार्रवाई

## सामान्य सभा की बैठक 20 को



**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 नवंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के कार्यों तथा धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। इसके साथ ही सभा में अन्य मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा के साथ हंगामा होने की आशंका जताई जा रही है।

## टायर दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टायर दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने दो टायर, 29 ट्यूब और टाटा एस वाहन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) के तहत कर्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है।

सुपेला पुलिस के अनुसार रविंदर वाडेकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका स्वयं की पुराना टायर ट्यूब खरीदी बिक्री की दुकान व गोदाम सुपेला पांच रास्ता के पास है। 12 नवंबर की रात करीब 9 बजे दुकान के गेट का ताला लगाकर वो घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। चार नए टायर, 29 नए ट्यूब और 730 किलो पुरानी ट्यूब गायब मिली। चोरी का कुल नुकसान करीब 40 हजार रुपये बताया गया।

मामले में सुपेला थाने में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने तलाश शुरू की और 14 नवंबर को इस्लाम नगर सुपेला से आरोपी यशवंत मतवार को पकड़ गया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी किए गए दो टायर, 29 ट्यूब और चोरी में इस्तेमाल की गई टाटा एस गाड़ी बरामद की गई। वाहन की कीमत करीब चार लाख पचास हजार रुपये बताई गई। आरोपी यशवंत मतवार (25 साल) मूल निवासी ग्राम शेरगढ़, जिला खैरागढ़ का है। फिलहाल वह इस्लाम नगर सुपेला में किराए के मकान में रहता था।

चोरी का माल और टाटा एस वाहन बरामद



धान खरीदी केंद्रों में पोस्टर लगाकर किया जा रहा जागरूक

# धान खरीदी शुरू होते ही उठाई गिरोह और साइबर ठग हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धान खरीदी का मौसम शुरू होते ही उठाई गिरोह और साइबर अपराधी फिर सक्रिय हो गए हैं। किसानों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रहे, इस वजह से दुर्ग पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने पोस्टर जारी कर किसानों से अपील की है कि बैंक लेनदेन से लेकर मोबाइल लिंक और कॉल तक हर कदम पर सावधान रहें। थोड़ी सतर्कता कई बड़े नुकसान से बचा सकती है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने ने बताया कि बैंक में पैसे जमा या निकासी करते समय अपनी जानकारी किसी को न बताएं। मदद चाहिए तो केवल बैंक के कर्मचारी से ही लें। बैंक में मौजूद अनजान लोगों से मदद ना मांगे, नहीं तो वो धोखा दे सकते हैं। ऐसे लोगों से दूरी बनाएं। पैसे निकालने के बाद नोटों की गिनती हमेशा बैंक के अंदर ही करें। बाहर सड़क या दुकान के सामने नोट गिनना सुरक्षित नहीं है। ऐसे मौके पर उठाई गिरोह आसानी से पैसे छीन सकते हैं, इसलिए पैसा बाहर न दिखाएं।

### बैंक आते-जाते समय पैसों को रखें सुरक्षित

बैंक से आते या जाते समय अपने पैसों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। पैसा हमेशा शरीर से सटाकर रखे गए बैग में रखें ताकि कोई आसानी से हाथ न लगा सके। ऐसा करने से चोरी और लूटपाट की संभावना कम होती है। सुरक्षा को सबसे पहले रखें और हर समय सतर्क रहें। बैंक आने या जाने के समय किसी मित्र या परिवार के सदस्य को साथ लेकर जाएं। गाड़ी को बैंक के बाहर पार्क करते समय आसपास ध्यान रखें और देखें कि कोई संदिग्ध व्यक्ति तो नहीं है। यदि आपको आसपास किसी पर संदेह हो, तो तुरंत कंट्रोल रूम 9479192099 या 112 पर संपर्क कर सूचना दें।



**सोशल मीडिया की फर्जी जानकारी से बचें:** फेसबुक, वाट्सअप या किसी भी अन्य सोशल मीडिया साइट पर आए बैंक या पैसों से जुड़े संदेशों पर भरोसा न करें। अपराधी फर्जी लिंक या एपीके फ़ाइल भेजकर आपके मोबाइल और खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

### ओटीपी और पिन शेयर ना करें

किसान किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने एटीएम नंबर, आधार नंबर, पैन कार्ड, बैंक पासबुक या किसी भी दस्तावेज की जानकारी न दें। इन जानकारियों से धोखा बहुत जल्दी हो सकता है। अपने बैंक कार्ड, क्रेडिट कार्ड या यूपीआई का पासवर्ड, पिन, ओटीपी किसी को भी न बताएं। अपराधी बैंक कर्मचारी बनकर कॉल करते हैं और ओटीपी मांगकर खाते से पैसे निकाल लेते हैं। बैंक कभी भी फोन पर ओटीपी नहीं मांगता।

### एआई आवाज़ व डिजिटल गिरफ्तारी से बचें

आजकल अपराधी एआई की मदद से आवाज़ बदलकर कॉल करते हैं और पैसों की मांग करते हैं। सिर्फ आवाज़ से किसी पर भरोसा न करें पहले वीडियो कॉल करें, पहचान की पुष्टि करें और तभी कोई निर्णय लें। ऐसी कॉल आते ही शांत रहें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। अपराधी खुद को पुलिस या सीबीआई का अधिकारी बताकर कहते हैं कि आपका सिम, आधार या बैंक किसी अपराध में पकड़ा गया है। ऑनलाइन पैसे जमा करवाने का दबाव बनाते हैं, तो उनके झांसे में ना आएं। इसकी शिकायत सीधे पुलिस में करें।

### संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें

अगर बैंक से लौटते समय आपको लगे कि कोई व्यक्ति आपका पीछा कर रहा है या संदिग्ध तरीके से देख रहा है, तो सीधे घर न जाएं। ऐसी स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचे, और पुलिस की मदद लें। परिवार के सदस्य को साथ लेकर घर जाना अधिक सुरक्षित रहता है। पैसे निकालने के बाद उन्हें गाड़ी की डिक्की में रखने से बचें, क्योंकि डिक्की का ताला आसानी से टूट जाता है। अपराधी भीड़ में मौका देखकर गाड़ी के आसपास घूमते हैं और मौका पाकर पैसा निकाल लेते हैं। इसलिए निकली हुई राशि हमेशा अपने साथ रखें। बैंक से निकलने के बाद होटल, दुकान, चाय की दुकान पर रुकने से बचें।

## एटीएम कार्ड बदलकर 43 हजार की ठगी

**भिलाई।** चरोदा में एक बुजुर्ग के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 43 हजार रुपए की ठगी हो गई। मामला 13 नवंबर की शाम का है। थाना पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित 65 वर्षीय अशोक कुमार निल्लेय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीएमवाय के रहने वाले हैं। वे शाम करीब 4:10 बजे अपना एसबीआई कार्ड लेकर चरोदा स्थित एटीएम पहुंचे थे। उन्होंने 10 हजार रुपए निकाले और बाहर निकल ही रहे थे कि आसमानी रंग की शर्ट पहने दो युवक एटीएम में घुसे। एक युवक ने उन्हें रोककर कहा कि मशीन बीप कर रही है और ट्रांजैक्शन पूरा नहीं हुआ। अशोक कुमार ने कार्ड दोबारा डाला और पासवर्ड डालने लगा। इसी दौरान दोनों युवक भीतर आ गए और पासवर्ड देख लिया। उन्होंने बुजुर्ग का कार्ड मशीन से निकाला और उसे बदलकर दूसरा कार्ड दे दिया। बाद में उसे पता चला कि किसी ने उसके खाते से 43 हजार रुपए निकाल लिए। ये रुपए चार अलग ट्रांजैक्शन में निकाले गए थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया श्री उवसग्गहरं तीर्थ का भ्रमण

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा पहुंचे । तीर्थपति श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ प्रभु के दर्शन वंदन कर परिसर में संचालित आरोग्यम, वर्धमान गुरूकूल, श्री पार्श्व गौसेवालय सेवाओं का अवलोकन कर जायजा लिया। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया से चर्चा करते हुए कहा कि परिसर में असीम शांति का अनुभव होता है, निश्चित ही यह बहुत प्रभावशाली तीर्थ स्थल है। इस अवसर पर आरोग्म नगपुरा के सचिव संतोष यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दानेश्वर टंडन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य उपाध्याय ने तीर्थपति की प्रतिकृति भेंटकर सम्मानित किया।

### मोर मकान-मोर के लिए आवेदन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मोर मकान मोर आस घटक के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों, स्लम एवं गैर स्लम परिवारों के लिए आवास प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आवंटित किए जाएंगे। आवेदन नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, योजना शाखा के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर में जमा किए जा सकते हैं।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन एवं रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध

**दुर्ग।** भारत सरकार के राष्ट्रीय रेबीज संक्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्ग जिले में रेबीज की रोकथाम एवं नियंत्रण का कार्य किया जाता है। सीएमएचओ के अनुसार जिले में एंटी रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन की दवाएं चंदूलाल चन्द्राकर चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग, जिला चिकित्सालय दुर्ग, सिविल अस्पताल सुपेला, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई, चरौदा एवं दुर्ग शहरी क्षेत्र में उपलब्ध है। ये दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

# एनर्जी ऑडिट अभियान, 8 अनुपयोगी मीटरों का कनेक्शन कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नपानि दुर्ग क्षेत्र में विद्युत खपत की वास्तविकता जानने, राजस्व रिसाव रोकने और ऊर्जा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से व्यापक ईएनर्जी ऑडिट कराया जा रहा है। आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्र में लगे सभी विद्युत मीटरों की जांच की जाए तथा जहाँ भी अनियमितता, दुरुपयोग या अनुपयोगी मीटर पाए जाएँ वहाँ तुरंत मौके पर विच्छेदन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने कहा कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी विद्युत मीटर का दुरुपयोग या अनियमित उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व हानि रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के तहत विद्युत विभाग की टीम व निगम की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। कार्रवाही दौरान सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, उपअभियंता मोहित मरकाम सहित विद्युत विभाग की टीम मौजूद रहें। एनर्जी ऑडिट के दौरान कई स्थानों पर अनुपयोगी, बंद मीटर, संदिग्ध खपत, और रिकॉर्ड से मेल न खाने वाले मीटर पाए गए। ये मीटर वर्षों से उपयोग में नहीं थे, परंतु रिकॉर्ड में सक्रिय बने हुए थे। आयुक्त ने इसे निगम के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बड़ा कारक बताया और तत्काल स्थायी विच्छेदन के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से शहर में ऊर्जा उपभोग की वास्तविकता सामने आएगी और निगम को अनावश्यक राजस्व हानि से बचाया जा सकेगा। आयुक्त ने कहा कि आगे भी प्रत्येक मोहल्ले, वार्ड और जोन में लगातार निरीक्षण किया जाएगा और जहां भी अनियमितताएं मिलेंगी वहाँ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## एनर्जी ऑडिट में उभरी संभावित गड़बड़ियां, विद्युत दुरुपयोग पर जीरो टॉलरेंस

### 8 विद्युत मीटर काटे गए

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बघेरा जोन एवं सिटी जोन में विशेष ऑडिट और निरीक्षण चलाया गया। विद्युत विभाग के सहयोग से निगम टीम ने कुल 8 अनुपयोगी मीटरों का स्थायी विच्छेदन किया। जिसमें सिटी जोन कस्तूरबा बाल मंदिर अनुपयोगी मीटर, पोलसाय पारा उपयोग बंद रिकॉर्ड में सक्रिय, ग्रीन चौक के पास संदिग्ध खपत, लुचकी तालाब के पास लंबे समय से निष्क्रिय, बघेरा जोन सिटी जोन बघेरा हाऊसिंग बोर्ड 3 अनुपयोगी मीटर, पुलगांव 1 बंद मीटर शामिल हैं ।



### विद्युत मीटर दुरुपयोग पर आयुक्त ने दिए कठोर निर्देश

आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और निरीक्षण टीमों को निर्देश जारी किए हैं कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी मीटर में टेंपरिंग, अवैध कनेक्शन या दुरुपयोग पाए जाने पर तुरंत कनेक्शन काटा जाए। दोषियों पर जुर्माना, राजस्व वसूली एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक जोन में प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। आने वाले दिनों में पूरे शहर में यह अभियान और अधिक कड़ा और तेज होगा।

## विकास : केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

# बोरसी, पोटिया व पुलगांव के नागरिकों को मिलेगी परेशानियों से मुक्ति

### 1.73 की राशि से संवरेगी दुर्ग की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग






आवागमन को बेहतर बनाने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों की मांग पर सीमेंटीकरण सड़कें बनाई जाएगी। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निगम के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्त्ताओ के साथ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान नागरिकों की मांग पर मंत्री यादव ने घोषणाएं भी की।

शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 51- 52 बोरसी, 53 - 54 पोटिया व 55 पुलगांव में 1 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से 9 स्थानों पर सीसी रोड बनाया जाएगा जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। मंत्री यादव ने कहा कि जनता से किए वादों को पूरा करना ही भाजपा का मूल मंत्र है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग में विकास कार्यों को नई गति मिल रही हैं। 100 से अधिक स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क, 1000 हजार अधिक नये बिजली पोल का विस्तार, स्कूलों का संधारण सहित दुर्ग का सर्वांगीण विकास करने निरंतर विकास कार्यों की नींव रखी जा रही है। आप सभी के सहयोग से दुर्ग को और बेहतर बनाने कार्यरत है। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, गुलशन साहू, साजन जोसफ, हीरोंदी चंदानिया, सविता साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, लोकेश्वरी ठाकुर, विनायक नातू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, लक्ष्मीकांत दुबे, पोषण साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

# निगम का मोबाइल टावरों पर कड़ा रुख सात दिन में कराना होगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शाम 4 बजे डाटा सेंटर में राजस्व विभाग, लायसेंस विभाग में वसूली एवं वसूली पर की गई कार्यवाही के संबंध में समीक्षा बैठक आहुत की गई है।

- राजस्व वसूली में लापरवाही पर आयुक्त नाराज़

बैठक में राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा आयुक्त द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्रान्तर्गत स्थापित मोबाईल टावरों का विगत कई वर्षों से नवीनीकरण नहीं होने से मोबाईल टावर संचालकों द्वारा अवैध रूप से बगैर नवीनीकरण के संचालन किया जा रहा है, जो कि नियमों के विपरीत है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि कुछ मोबाईल टावर अवैध रूप से बिना निगम से अनुमति प्राप्त किए संचालित किया जा रहा है। सभी प्रकार के मोबाईल टावर संचालकों को नोटिस दिया जा रहा है कि वे अवैध मोबाईल टावर को वैध कराने नवीनीकरण कराने निगम के लायसेंस शाखा में संपूर्ण दस्तावेज 7 दिवस के भीतर जमा कर अवैध टावरों को वैध कराने की कार्यवाही करा लें। अन्यथा मोबाईल टावरों को चिन्हांकित कर बिजली कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जाएगी। युक्त ने सभी मोबाईल टावर संचालकों से कहा है कि वे निर्धारित समय पर निगम से अनुमति प्राप्त करे अन्यथा निगम मोबाईल टावरों को जप्त करने की कार्यवाही करेगी। उक्त समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी थान सिंह यादव, राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव, संजय मिश्रा एवं सभी सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनजातियों के लोक गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को सम्मान दिया गया। छात्र छात्राओं ने बस्तरिया रेला गीत, टूड गीत महाराष्ट्र की कोली जनजाति का कोली गीत, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को दर्शाता सुआ गीत, सोहर, भरथरी, मारवा का ममेरा तथा राजस्थान का पणिहारी गीत प्रस्तुत किया गया।

संगतकार के रूप में अरुण साहू ढोलक, मांडल, निशिकांत कुहुकी, ऋषि मंजीरा, मनीष कुमार घुंघरू ने वाद्य यंत्रो की सुमधुर ध्वनियों ने सभागार को गूंजयित कर दिया । इसी दिन अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया था। अभिभावकों के समक्ष छात्रों द्वारा सभी गीतों की जीवंत प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा, वत्सल तिवारी, राजेंद्र कुमार, कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू ने प्रशंसा की।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाताओं के घर पहुंच रही निगम टीम, मौके पर हो रहा फॉर्म भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित करने के लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा गणना पत्रक वितरण एवं वापसी पर केंद्रित विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय विशेष अभियान शनिवार 15 और रविवार 16 नवंबर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर पूरे दिन जारी रहेगा।

इस अभियान के माध्यम से बीएलओ, निगम कर्मचारी, प्लेसमेंट स्टाफ तथा वार्ड सुपरवाइजर वार्ड वार्ड जाकर गणना पत्रक वितरण एवं वापसी की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कर रहे हैं। टीम घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म देती है, आवश्यक जानकारी समझाती है और मौके पर ही फॉर्म भरवाकर वापस संग्रहित कर रही है, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। गणना पत्रक की वापसी के दौरान प्रत्येक मतदाता को 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो, आधार कार्ड की प्रति, और जन्मतिथि, जन्मस्थान प्रमाण हेतु मान्य दस्तावेज 13 विकल्पों में से कोई एक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साथ ही वर्ष 2025 की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पूर्व वर्ष 2003 की मतदाता सूची में मतदाता अथवा उसके माता-पिता के नाम का मिलान भी किया जा रहा है। यदि नाम का मिलान नहीं होता है तो नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पहचान और पात्रता की पुष्टि करनी होगी। गणना पत्रक वितरण एवं वापसी का पूरा कार्य 4 दिसंबर तक हर स्थिति में पूरा किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और दिनभर क्षेत्रीय निगरानी की जा रही है।

## शिक्षा मंत्री ने शहर को दी 60 लाख की सौगात डोमशेड व मंच निर्माण का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहरवासियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने शहर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रतीक माता चण्डी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किया और वार्ड क्रमांक 3 व 33 के समीप स्थित चण्डी मंदिर के पास डोमशेड, मंच एवं अहाता निर्माण कार्य हेतु 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि चण्डी मंदिर इस नगर की आस्था का केन्द्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को भव्य एवं सुंदर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद नरेन्द्र बंजारे, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शशि द्वारिका, कार्यपालन अभियंता जेके मेश्राम तथा अनुविभागीय अधिकारी सीके सोने सहित अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जवाहर नगर विद्युत सब स्टेशन की क्षमता में की गई वृद्धि, चार हजार उपभोक्ताओं को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत जवाहर नगर जोन के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र सबस्टेशन कर्मचारी नगर की क्षमता में वृद्धि की है। उपकेंद्र में 65-99 लाख रुपये की लागत से 3/15 एमवी का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है जिसे ऊर्जीकृत किया गया।

इस अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लगने से उपकेंद्र की कुल क्षमता 10 एमवीए से बढ़कर 13/15 एमवी हो गई है। उक्त कार्य उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 4000 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में सबस्टेशन में स्थापित 05 एमवी के दोनों ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड हो जाते थे, जिसके कारण लो वोल्टेज और लोड शेडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से अब इन समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी और विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

क्षमता वृद्धि से आईएचएसडीपी कॉलोनी, जयंती नगर, साईं नगर, सिकोला भाटा, सिकोला बस्ती, मुखर्जी नगर, प्रेम नगर, विजय नगर, मोहन नगर, करहीडीह एवं रांका के लगभग 4000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

## नल कनेक्शन कटने के भय से करदाताओं ने चुकाया बकाया टैक्स

# टैक्स वसूली अभियान तेज, तीन लोगों का कटा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा कर वसूली को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता मिली है। यह वसूली

- तीन बकाएदारों के काटा गया नल कनेक्शन

आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन और निर्देशों के परिणामस्वरूप संभव हुई। निगम की राजस्व शाखा ने लगातार नोटिस भेजते हुए और संवाद स्थापित कर बकाया राशि वसूलने में सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई को निगम के राजस्व सुधार अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

राजस्व विभाग के अधिकारी राज कमल बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी थान सिंह यादव ने बताया कि निगम क्षेत्र में जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों और भवन स्वामियों पर कर बकाया है, उनसे संपर्क कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निगम की आय शहर के विकास कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए वसूली अभियान को तेज कर दी गई है। इस दौरान राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, विनोद उपाध्याय, उमेश यादव एवं राजदीप कसार मौजूद रहे।



### टैक्स वसूली के लिए विशेष अभियान जारी

आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा कि निगम द्वारा टैक्स वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतः सभी व्यापारी, होटल संचालक और संपत्ति स्वामी अपनी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। जो समय पर कर जमा करेंगे, उन्हें भविष्य में किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। आज साथ ही कार्रवाही के दौरान वार्ड नंबर 38 से नल कनेक्शन विच्छेदन के दबाव में कार्यवाही के आधार पर 1,68,000 रूपये नगद निगम कोष में जमा करवाया। साथ ही नल कनेक्शन काटने के डर से बड़े बकायेदारों द्वारा टैक्स जमा किया गया। इसके अलावा 16428 चम्पाबाई सोनी, 44471 दुर्गा देवी कोटिया वार्ड 06, 41678 संजय अग्रवाल वार्ड 06, नल कनेक्शन काटे जाने कारवाही के दौरान टैक्स जमा किया गया है। नल काटने की कारवाही के दौरान कुल 2,73,857 टैक्स की राशि वसूल की गई। आज 3 नल कनेक्शन काटा गया। जिसमें बटुक प्रसाद, कृति कोठारी, बिरझा बाई बिष्णु प्रसाद, विनोद कुमार रंजन कोठारी, 24000 प्यारेलाल साहू वार्ड 38, 27497 कृष्णा उइके वार्ड 38, 30554 दीपचंद वार्ड 38, 55811 युवराज शर्मा वार्ड 39, 20882 मन्नान खान वार्ड 39, 12536 वारिस खान वार्ड 39 में भी टैक्स वसूल किया गया।

# शा पूर्व माध्य शाला चीचा में बाल मेला का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

प्राचार्य जीपी देशलहरे के दिशा निर्देश में गणित, विज्ञान का मॉडल बच्चों द्वारा बनाए व्यंजन का प्रदर्शन शैक्षिक स्तर पर तैयार किया गया। जिसमें बच्चों ने जोड़ मशीन, पवन चक्की, स्मार्ट सिटी, चन्द्रयान-3, पहाड़ा गतिविधि सहरानीय रहा। व्यंजन में गुपचुप, भेल, चिला, फरा, पकौड़ा इत्यादि से मेला सुसज्जित था। बच्चों ने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अपने स्टॉल के पास कूड़ादान रखकर सफाई का संदेश भी दिया। श्री बघेल द्वारा जवाहरलाल नेहरू की जीवनी को सामने रखा। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम चन्द्रप्रकाश, द्वितीय केवल वर्मा और व्यंजन में प्रथम चंदन, द्वितीय गीत वर्मा रहे। सभी शिक्षकों की उपस्थिति बहुत ही सहरानीय रही।

## निधन

### लोकेंद्र साहू

दुर्ग। केलाबाड़ी निवासी लोकेन्द्र साहू का रविवार को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 17 नवंबर सोमवार को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे डॉ. ज्ञानेश कुमार साहू के पिता थे।
वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### लखन देवांगन

उतई। ग्राम मचांदूर निवासी पूर्व आर्मीमेन लखन देवांगन का



आकस्मिक निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 17 नवंबर को स्थानीय मुक्तिधाम मचांदूर में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे रमेश देवांगन, ललित देवांगन विधायक प्रतिनिधि, देवांगन समाज अध्यक्ष के पिता एवं आकाश देवांगन व गुलशन देवांगन के दादा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## समस्या : तिरगा शाला की अव्यवस्था से पालक परेशान

# युक्तियुक्तकरण का असर, पालक अपने बच्चों को अन्य स्कूलों में भेजने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्य शाला तिरगा एवं स्व दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिरगा में शिक्षक की कमी के संबंध में ग्राम पंचायत तिरगा में बैठक की। इसके उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी एवम ब्लाक शिक्षा अधिकारी के समक्ष भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन सौंपा। जिसमे मुख्य रूप से जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू ,ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख ,जनपद सदस्य ढालेश साहू ,पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख , विधायक प्रतिनिधि टीकू दिल्लीवार , सोनू देशमुख तथा बड़ी संख्या में ग्राम तिरगा के ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला तिरगा में कक्षा 1 से 5 तक कुल दर्ज संख्या 86 है जिसमें वर्तमान में केवल 2 शिक्षक है और बाकी के 3 क्लास भगवान भरोसे चल रहा है। बच्चे इधर उधर भटक रहे है जिसके कारण पालक बच्चों को अन्य स्कूल में भेजने मजबूर हो रहे है। इसी प्रकार शासकीय

**जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन**



पूर्व माध्य शाला में कक्षा 6 से 8 तक कोई भी गणित का शिक्षक उपलब्ध नहीं है। गणित के शिक्षक सतीश यादव थे जो अब मंत्री केदार कश्यप के निज सहायक सचिव है। इस प्रकार गणित के शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों के पढ़ाई का स्तर गिर रहा है। इसी प्रकार सेजस दाऊ कुर्मी स्व प्यारेलाल बेलचंदन शास उच्च माध्य शाला में इतिहास और विज्ञान के शिक्षक नहीं है।

सरकार युक्तियुक्त कारण कर बच्चो के अनुपात में शिक्षक देने का झूठा दावा करती है लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही है। जिसके कारण ग्राम तिरगा का स्कूल जो की हमेशा अपने अच्छे रिजल्ट के लिए जाना जाता है वहां शिक्षक की कमी के कारण शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख ने कहा कि अगर यह मांग जल्द से जल्द पूरी नहीं की जाती है तो हम शिक्षा मंत्री के पास भी जाएंगे और अगर वहां भी अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो हम स्कूल में ताला लगाकर उग्र आंदोलन भी करेंगे।



### ठेठवार यादव समाज भवन में संधारण की मांग

पाटन। नगर पंचायत पाटन में स्थित ठेठवार यादव समाज के सामाजिक भवन में चेकर टाइल्स और किशन शेड की निर्माण की मांग समाज के लोगो ने की है। इस संबंध में समाज की ओर से नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालो में पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव, अश्वनी, मदन यादव, अश्वनी यादव, मीडिया प्रभारी बलराम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### रश्मि को मिली पीएचडी की उपाधि

सेलूद। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा सोनपुर, पाटन की रश्मि मिश्रा को "योग और आयुर्वेद के ग्रंथों में आहार की



अवधारणा और वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता" विषय पर शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। रश्मि मिश्रा ने यह शोध योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. केवल चक्रधारी के निर्देशन में पूर्ण किया।

## गणित और भाषा की समझ बढ़ी, लगा एफएलएन मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में एफ एल एन मेला आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप यह मेला आयोजित किया गया। मेला में बच्चों की गणितीय समझ एवं भाषा समझ की अवधारणा पर आधारित मॉडल, चित्र चार्ट, अन्य चार्ट बनाया गया।

■ मेला में बच्चों ने हिन्दी, अंग्रेजी और गणित का स्टाल लगाया

इस गतिविधियों को बच्चे खुद करके विस्तार से जानकारी पालकों को दिया गया। यह मेला कक्षा 1 से 5 तक के लिए लगाया गया था। इसमें हिन्दी के 7 स्टॉल गणित के 10 स्टॉल , अंग्रेजी के 5 स्टॉल लगाया गया था। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा पवन चक्की से बिजली पैदा करने का माडल और पेट्रोल पंप का मॉडल बनाया गया। जो बहुत आकर्षक रहा। इस मेला में निरीक्षण करने संकुल प्राचार्य गंगराले ने अवलोकन कर शिक्षकों एवं बच्चों की तारीफ की और बच्चों के लिए लाभकारी बताया। संकुल समन्वयक उषा सिन्हा ने बच्चों की इस उपलब्धि की सराहना की। हिन्दी और गणित को सीखने सिखाने के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म बताया गया। गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने बच्चों द्वारा प्रदर्शन को बारीकी से जाना, बच्चों से सवाल पूछना, गतिविधि कराना, जोड़ -घटाव से संबंधित स्टॉल का अवलोकन कर सभी छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोती मार्कण्डेय ने सभी स्टॉल में जाकर बच्चों से विषय से संबंधित प्रश्न कर उत्तर जाना।

## बच्चों ने लगाया बाल मेला, स्टॉल सजाकर दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

सनराइज पब्लिक स्कूल अंडा स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए एक बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए।

बच्चों ने मेले में खाने-पीने की कई वस्तुओं की उचित व्यवस्था की और अपने-अपने स्टॉल सजाकर प्रदर्शन किया। इनमें भेल, पकोड़ा, समोसा, कचौड़ी, भजिया,पानी पूरी सहित अन्य खाद्य पदार्थ शामिल थे। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी दुकानें लगाईं।

इस आयोजन में बच्चों के बीच अपने-अपने स्टॉल को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने की होड़ लगी रही। स्कुल के प्राचार्य जितेन्द्र साहू ने सभी बच्चों का उत्साह के साथ पुरस्कार वितरण किया सभी बच्चों ने इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया और अपनी रचनात्मकता का

**बाल मेले का आयोजन**



प्रदर्शन किया। स्कूली बच्चों सहित सभी हेमेंद्र साहू, नरेश, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, ज्योति साहू, शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्कूल के पदाधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## सांसद खेल महोत्सव से मिला खिलाड़ियों को अवसर : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

आदर्श ग्राम मचांदुर में कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच संघ के अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू ने बताया कि कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 9 गाँव के प्रतिभागी शामिल हुए हैं और ग्रामीण पंचायत स्तर के बाद यह क्लस्टर स्तर दूसरा चरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओ को अवसर प्रदान करता है। जिससे हमारे ग्रामीण अंचल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे अपने लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पीटीआई अशोक रिगरी और सहयोग के लिए ग्राम पंचायत मचांदुर के सचिव धारेन कुमार देवांगन ने आभार व्यक्त किया। विशेष



अतिथि उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नवाब खान, पालक समिति के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन, सोसायटी अध्यक्ष दाऊ फलेंद्र सिंह बैस, महामंत्री प्रवीण यदु,प्राचार्य चौधरी,सिंह,रात्रे,कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी,महेश कुमार साहू,पंच मंशा राम साहू,गणपत साहू,गोपाल साहू,अशोक साहू,लोकेश साहू,महमूद खान शिक्षक व छात्रगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सेलूद में पहले दिन खरीदा 193 क्विंटल धान

सेलूद। सेलूद मे जिला सहकारी बैंक दुर्ग के पुर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, ग्राम पंचायत सेलुद सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, समिति के प्राधिकृत



अधिकारी टामन लाल साहू और समिति प्रबंधक वीनु साहु के हाथों खरीदी का शुभारम्भ किया गया । पहले ही दिन 4 पंजीकृत किसानों से 193 क्विंटल धान खरीदी की गई । पहले ही समिति के द्वारा खरीदी पूर्व तैयारी कर सेलूद समिति में धान की खरीदी की जा रही है इस वर्ष छत्तीसगढ शासन द्वारा 15 नवंबर से ही धान खरीदी केन्द्रों में धान ठेकेदारों के माध्यम से धान खरीदी किया जा रहा है । शासन ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का नियम बना हुआ है उसी नियम के आधार पर खरीदी की जा रही । सहायक समिति प्रंबधक वीनू साहु ने बताया कि किसानों के सुविधा हो इस बात को ध्यान में रखकर समिति ने अलग अलग गांवों के किसानों की धान को समिति में अलग अलग दिन खरीदी का नियम बनाया है।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

भिलाई। पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के




बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

## धमधा भाजपा मंडल ने मनाया जश्न



धमधा। बिहार के चुनाव परिणाम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में आने पर भारतीय जनता पार्टी धमधा मंडल ने बिहार की जनता को हार्दिक बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। धमधा भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़ एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट, मंडल मंत्री मनोज साहू, जितेंद्र देवांगन, पार्षद चन्द्रिका प्रसाद, डोमार सोनकर, नरेश साहू सहित सभी पदाधिकारिगण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकास और विश्वास के साथ सुशासन की जीत : जितेन्द्र

पाटन। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने बिहार में एनडीए की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खुशियां बांटी।



वर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकतरफा जनादेश देकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर अपना अनमोल विश्वास व्यक्त किया है।श्री वर्मा ने कहा कि ये केवल गठबंधन की जीत नहीं, बल्कि बिहार की मेहनतकश जनता की आकांक्षाओं, उम्मीदों और बेहतर भविष्य के प्रति उनके विश्वास की जीत है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास का स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है। एनडीए ने बिहार को निरंतर आगे बढ़ाया, जनता का विश्वास हासिल किया।

## किया 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, में 'वंदे मातरम्' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सावित्रीबाई फुले ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महाराज रविशंकर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा, शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। यह हमें गर्व, एकता और आत्मविश्वास की भावना से जोड़ता है।

■ विद्यार्थियों से योग, ध्यान और प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया

कार्यकारी निदेशक प्रो. एस. भट्टाचार्य ने गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे 1875 में 'बंगदर्शन' पत्रिका में प्रकाशित किया था, जो आगे चलकर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोसाना डाल'अर्मेलिना (इटली) -योग विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद ने 'वंदे मातरम' के वैश्विक प्रभाव और योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन कला संकाय के योग विभाग द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कप्तान सिंह ने दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राष्ट्र गीत के साथ हुआ।

### नशा मुक्त भारत बनाने शपथ ली

कुम्हारी। स्वर्गीय बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के सभी कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं सहायक अध्यापकों ने नशा मुक्त भारत अभियान के एनमबीए की पोर्टल पर जाकर शपथ ग्रहण की और शपथ प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता में धीरज साहू (प्रथम), डाली यादव (द्वितीय) एवं श्रुति बंदे (तृतीय) को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में योगेश्वरी सोनकर (बीएससी प्रथम वर्ष), लिसा साहू (बीएससी प्रथम वर्ष) एवं जया देवांगन (बीएससी तृतीय सेमेस्टर) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।
इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी कर्मचारीगण, सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

## आशीष नगर रिसाली और नगर पंचायत पाटन में श्रीमद भागवत कथा जारी

# किसी के दुख को देखकर हृदय द्रवित हो जाय, यही मानव धर्म : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली में साहू परिवार के शुभसंकल्प से जारी है। यहां रविवार को श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय इतिहास, और परीक्षित मोक्ष की कथा पर संदेश देते हुए प्रवचनकर्ता संत निरंजन महाराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा कि किसी को दुख न दे सबके दुख के साथी बने उपहासी नही। किसी को सांत्वना नही दे सकते तो उपहास करने का कोई अधिकार नही। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज इंसानों के अंदर की इंसानियत लुप्त होते जा रही है, आज लोग इंसानों से ज्यादा पशुओं से प्रेम कर रहे। यह सत्य है कि सभी मे ईश्वर का वास है लेकिन इंसान का त्याग कर पशुओं से प्रेम करना यह



उचीत नही सभी को सम भाव से देखे। किसी के दुःख को देखकर अगर हमारा हृदय द्रवित हो गया, यही मानवता धर्म है जो दूसरे के दुख में हमारा मन संतप्त हो इसे ही इंसानियत कहा गया है, लेकिन आज की स्थिति तो यह है कि एक बैल मरा पड़ा है तो दूसरा बैल घास खाते खड़ा है। आज लोगो को किसी से कोई मतलब नही। सबसे मिलजुल कर जीवन को जिये । संत श्री ने कहा सुदामा गरीब नही सुदामा से बड़ा धनवान कोई नही है, सुदामा के पास सन्तोष रूपी धन था जिसका कभी अंत नही हो सकता, तभी तो सुदामा भगवान के द्वार पर मांगने नही अपितु देने गए थे।

### मनुष्य अपने दुख से कम दुखी दूसरों के सुख से अधिक दुखी : पांडे

सेलूद। नगर पंचायत पाटन के इंदिरा वार्ड में पिन्टु वर्मा परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा जारी है। दूसरे दिन गुंडरदेही के भगवाचार्य श्री भुपेन्द्र पांडे महराज ने भक्त प्रहलाद सुकदेव की कथा कहते हुए कहा कि कबीर दास के अनुसार संसार में चार प्रकार के शुकर है। किसी व्यक्ति विशेष की कमी न देखके स्वयं की कमी देखना चाहिए। अंतिम समय में ज्ञान काम आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनोरंजन नहीं है भागवत मंथन है। मनुष्य अपने दुख से कम दुखी है दुसरे के सुख से ज्यादा दुखी है। जीवन में जब दुख का समय आये तो गुरु या गोविंद को जरुर याद करना चाहिए ।अंतिम में राम का नाम लेना चाहिए। जब जीवन के द्वंद से घिर जाओ तो भगवान की ओर देखना चाहिए। ब्राह्मण को मारो मत लेकिन आततायी को छोड़ना नहीं चाहिए।

### सच्ची भक्ति और निःस्वार्थ मित्रता का प्रतीक हैं कृष्ण-सुदामा

पाटन। पाटन नगर पंचायत में चल रही पंडित



कुषाण तिवारी की श्रीमद् भागवत कथा का आज चौथा दिन रहा। व्यासपीठ पर विराजित पंडित तिवारी ने आज श्रीकृष्ण लीला के अद्भुत प्रसंगों और सुदामा–कृष्ण की अटूट मित्रता का मनमोहक वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के दरिद्र जीवन में बिना कहे समृद्धि भर दी, जो सच्ची भक्ति और निस्वार्थ मित्रता का प्रतीक है। आपको बता दें कि यह पावन कथा पवन देवांगन द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में आयोजित की जा रही है। उनके इस श्रद्धापूर्ण आयोजन की वजह से पूरे नगर में धार्मिक माहौल व्याप्त हो गया है।

# प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, वह हर एक में होती है: शिखा दुबे

## अंतर्शालेय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा बीएसपी स्कूलों के अंतर्शालेय प्रतियोगिताओं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे ने संयंत्र के विभिन्न स्कूलों के लगभग 210 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात रजनी रजक, सतीश मिश्रा और शैलेन्द्र भोई के मार्गदर्शन में भिलाई विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि शिखा दुबे ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती वह हर एक में होती है, बशर्ते उन्हें कुम्हार सी कोमल हाथों से संवारा जाए और कुशल शिल्पकार की तरह तराशा जाए ताकि वह सुंदर आकृति ग्रहण कर सके। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए, पढ़ाई के साथ-




साथ अपनी अभिरुचि भी जागृत रखने का आव्हान किया और हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन प्राचार्या बी.एस.पी. सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 सुमिता सरकार ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के छात्र-छात्राओं ने समूह गान प्रस्तुत किया तथा सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 की दो छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी। संयंत्र के विभिन्न विद्यालयों में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने हेतु वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगिताएं, जैसे अंतर्शालेय ड्राइंग एवं पेंटिंग, अनुवाचन एवं अनुगायन (हिंदी/अंग्रेजी), विविध वेश भूषा, प्रश्नोत्तरी, स्पेलिंग का सरताज(हिंदी/अंग्रेजी) संगीत, गायन, ताल, मधुर वाद्ययंत्र (कनिष्ठ/वरिष्ठ समूह), भाषण (हिंदी/अंग्रेजी), वाद-विवाद (हिंदी/अंग्रेजी) आयोजित की गई और विभिन्न स्कूलों के लगभग 210 विजेता छात्र-छात्राओं को इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आमंत्रित प्राचार्य/प्राचार्या सुमिता सरकार, रूबी बर्मन रॉय, विजय सिंह पवार, उर्वशी साहू, सविता तिवारी सहित विभिन्न शालाओं के शाला प्रमुख व शिक्षा विभाग से उप प्रबंधक विभा रानी कटियार, अशोक सिंह, सहायक प्रबंधक मनीष तिवारी और राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता शाक्य, देवेन्द्र कुमार साहू, पवन कुमार अग्रवाल, एसके साहू, वंदना सोनवाने, सविता धपवाल, संगीता मिश्रा, गोवर्धन साहू, राजेश साहू, एसके खोब्रागडे, विशाखा पाण्डेय, नेहा, यास्मीन, अर्पिता दास, पूर्णिमा शर्मा एवं समस्त शाला परिवार का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मामले को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल को निजी करने की कोशिश के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत रविवार को सेक्टर 10 मार्केट और सेक्टर 6 ई मार्केट में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा में नागरिकों से अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में जागरूक होने की अपील की गई। माकपा नेता अर्चना ध्रुव ने कहा कि प्रबंधन लगातार कॉस्ट बढ़ने की बात कर रहा है, जबकि स्वास्थ्य के मामले में लागत नहीं देखी देखी जाती है। प्रबंधन कह रहा है कि हॉस्पिटल स्टाफ का वेतन का बोझ अधिक बढ़ रहा है। इससे साफ है कि प्रबंधन को हजारों बीएसपी कर्मियों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं है। ऐसा करके वो उन्हें निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर कर रहा है। माकपा नेता बीवीएस ने बताया कि अस्पताल के निजीकरण पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है केवल निजीकरण की संभावनाओं को जांचने कंसल्टेशन हायर किया गया है। बीएसपी कर्मियों व अधिकारियों के वेतन भत्ते से लेकर अस्पताल सुविधा तक सब में जो पैसा खर्च होता है उस पैसे को हम ही उत्पादन करके पैदा करते हैं ऐसे में कॉस्ट कंट्रोल करने के नाम पर हमारी सुविधाओं पर कैंची चलाना गलत है।

### एथलीट गंगेश्वर ने जीता कांस्य पदक



**भिलाई।** चेन्नई में हुई एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और संयंत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में गंगेश्वर देवांगन, सुरेश कुमार पुसरिया, प्रवीण कुमार चाफले , भागवत राम नेताम और ज्ञान सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। गंगेश्वर ने 60 प्लस आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर उप महाप्रबंधक व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, बीएसपी एथलेटिक क्लब के उपाध्यक्ष एवं सहायक महाप्रबंधक परविंदर सिंह तथा कोच अनिरुद्ध ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## रिटेंशन स्कीम बंद करने प्रबंधन ने तेज की कवायद

# बीएसपी के फरमान से सैकड़ों रिटायर कर्मी आ जाएंगे सड़क पर, संयंत्र को भी करोड़ों की क्षति

### यूनियनों व संगठनों ने किया एकजुटता से विरोध, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अपनी लंबी नौकरी के दौरान काम और परिवार की जिम्मेदारियों में व्यस्तता के चलते भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों जरुरतमंद सेवानिवृत्त कर्मचारियों और रिटायर होने वाले कार्मिकों को अब बेघर होने की नौबत आ गई है। अचानक प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम खत्म करने की कार्यवाही से रिटेंशनधारियों में असंतोष है। यूनियनों ने एकजुटता से इसका पुरजोर विरोध करते हुए प्रबंधन से इस तरह का कर्मचारी विरोधी फरमान जारी नहीं करने की मांग करते हुए ऐसा करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले बीएसपी कर्मियों के आवास की समस्या और उनके कोर्तिमानी योगदान को देखते हुए वर्ष 2009 में बीएसपी क्वार्टर आवंटित किए जाने की रिटेंशन स्कीम शुरु की थी। सामाजिक सरोकार के तहत इस पहल का भिलाई बिरादरी में अच्छा संदेश गया था। इस रिटेंशन योजना के तहत जिनके निजी आवास नहीं हैं, उन्हें बीएसपी क्वार्टर प्रति वर्ग फुट के हिसाब से हर माह रेंट और एकमुश्त सुरक्षा निधि जमा करवाकर दिये गए। इससे जल्द रिटायर होने वाले और रिटायर कर्मियों अधिकारियों को बड़ी राहत मिली थी। वहीं खाली बीएसपी क्वार्टरों के में कब्जों से निश्चिंतता, व बीएसपी को राजस्व भी मिल रहा था। वर्तमान में टाउनशिप में 1380 रिटेंशन आवासधारी है। लेकिन अब एकाएक प्रबंधन द्वारा इस स्कीम को बंद किए जाने की कवायद से रिटेंशनधारियों में गहरी चिंता ओर असंतोष व्याप्त है। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन के इस फरमान से सैकड़ों सेवानिवृत्त कार्मिक व परिवार कड़कड़ाती ठंड में सड़क पर आ जाएगा। यदि कुछ रिटेंशनधारी नियमित किराया नहीं पटा पा रहे हैं तो सभी रिटेंशनधारियों को इसकी सजा देना उचित व मानवीय निर्णय नहीं है। यूनियनों ने प्रबंधन से स्कीम चालू रखे जाने की मांग की है, ऐसा नहीं किए जाने पर व्यापक विरोध किए जाने की चेतावनी दी है।



### मात्र 170 रिटेंशनधारी जमा नहीं किए रेंट

टाउनशिप में कुल 1380 रिटायर रिटेंशनधारियों में मात्र 170 आवासधारी नियमित किराया राशि जमा नहीं किए हैं। इसके चलते बीएसपी ने बकायादारों से वसूली के प्रयास के बजाय पूरी रिटेंशन स्कीम को ही बंद करने की तैयारी तेज कर दी है। इससे रिटायर के करीब जरुरतमंदों के सामने भी परिवार के साथ कहां रहेंगे यह समस्या आ गई है। यूनियनों के मुताबिक पहले थर्ड पार्टी का किराया सीध 5 रुपए बढ़ा दिया गया अब इसी तर्ज पर रिटेंशन को खत्म करने के फरमान से सेवानिवृत्त व रिटायर होने वाले कार्मिकों में असंतोष है। रिटेंशनधारी आवास संगठन ने भी स्कीम को बंद किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मियों ने सभी यूनियनों, बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन और अन्य संगठनों को एकजुट होने की अपील की है।

### बीएसपी को आय व मेटेनेंस

टाउनशिप में रिटायर कर्मियों, अधिकारियों और सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों के आवास से प्रबंधन को तिहरा लाभ हो रहा है। रिटेंशन आवास के एवज में हर कर्मी से पांच से दस लाख रुपए बतौर अमानत राशि जमा कराई गई है। प्रतिवर्ग फुट आवास का किराया व बिजली बिल से भी लाखों की आय होती है। यदि खाली क्वार्टर रहेंगे तो अवैध कब्जे से बीएसपी को नुकसान व अराजकता बढ़ने का खतरा बना रहेगा। आवास खाली कराने में बीएसपी व पुलिस का मेनपावर व संसाधन का भी लोड पड़ता है। जीवनभर पसीना बहाकर उत्पादन करने वाले जरुरतमंद रिटायर कर्मयों की भी रहने के लिए मकान मिल जाता है। इसे देखते हुए यूनियनों व रिटेंशनधारी आवास संगठन ने प्रबंधन से इस स्कीम को जारी रखे जाने की मांग की है।

# लाल मैदान फरीद नगर में निगम ने फेंका कचरा, पार्षद ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई निगम वार्ड क्रमांक 11 फरीद नगर के पार्षद महेश वर्मा रविवार को धरने पर बैठ गए। दरअसल लाल मैदान फरीदनगर में निगम की गाड़ी कचरा डंप कर रही है। फरीद नगर वासियों ने इसे लेकर पार्षद महेश वर्मा के ऊपर आरोप लगाया कि वो केवल हिंदू बाहुल्य मोहल्लों का ही ध्यान दे रहे हैं। उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महेश वर्मा इस आरोप से काफी आक्रोशित हुए। उन्होंने निगम पर उनकी शिकायत के बाद भी ध्यान ना देने का आरोप लगाते हुए कचरे के पास ही अपने समर्थकों के साथ धरना दे दिया। वर्मा ने बताया कि रविवार को वो फरीद नगर मोहल्ला देखने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि निगम की गाड़ी मछली व मटन मार्केट का गंदा कचरा मैदान में डालकर जा रही है। पूरे मैदान में मुर्गा के पंख उड़ रहे हैं। उन्होंने फरीद नगर के कुछ स्थानीय नेताओं के साथ वहीं धरना दे दिया। उनके साथ पार्षद संतोष मौर्या भी धरने पर बैठे। महेश वर्मा ने कहा कि वो तब तक धरना से नहीं उठेंगे, जब तक की मैदान से पूरा कचरा नहीं हट जाता है। सूचना मिलते ही जोन 1 के कमिश्नर अजय सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे। उन्होंने महेश वर्मा को समझाया और आश्वासन दिया कि वो कचरा हटा देंगे। जब उसके बाद भी वो धरने से नहीं हटे तो उन्होंने तरंत निगम की जेसीबी बुलाई और कचरा को हटवाना शुरू किया। अजय राजपूत ने यह आश्वासन दिया कि दोबारा वहां कचरा नहीं डाला जाएगा। इसके बाद जाकर धरना समाप्त हुआ।

■ कचरा नहीं फेंकने के आश्वासन के बाद धरना हुआ खत्म

# बीएसपी की दुर्घटना में मृत श्रमिक के परिजन को मिली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में शनिवार को हुए एक ठेका मजदूर की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मृतक के परिवार के आश्रित को बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। प्रबंधन द्वारा आज नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही बीमा और ठेका कंपनी की ओर से अन्य राशि भी परिवार को दी गई।

एसएमएस-2 में प्रोजेक्ट बिल्डिंग के निर्माण कार्य के दौरान शनिवार को हुई दुर्घटना में 43 वर्षीय श्रमिक देवेंद्र चंद्राकर की मृत्यु हो गई थी। वह कार्य मेकॉन कंपनी के अधीन और पेटी ठेकेदार एम मोहन के द्वारा कराया जा रहा था। इस संबंध में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बीएसपी के उच्च प्रबंधन से चर्चा कर श्रमिक के परिवार को उचित सामाजिक सुरक्षा के तहत सहयोग के लिए प्रयास किया। दुर्घटना के बाद बीएसपी प्रबंधन ने श्रमिक के परिवार के एक पात्र सदस्य को बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। नियुक्ति पत्र वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन और सहायक प्रबंधक शशांक राव द्वारा सौंपा गया।



### दस लाख का बीमा भी मिला

परिवार को10 लाख रुपए का बीमा ईएसआईसी और अन्य सभी सरकारी सुविधाएँ, ठेका कंपनी की ओर से 50 हजार रुपए की नगद सहयोग राशि दी गई। परिवार के सहयोग के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की ओर से संजय साहू, सीपी वर्मा, मनोहर लाल, आर. दिनेश एवं गुरुदेव साहू उपस्थित थे।

# सेल में नहीं थम रहा दुर्घटनाओं का सिलसिला, 11 महीने में 13 कर्मियों की मौत, यूनियनों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल में दुर्घटना से होने वाली मौतों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। बीएसपी में शनिवार को हुई मजदूर की मौत के बाद इस साल 2025 में जान गंवाने वाले श्रमिकों व कर्मियों की संख्या 13 पहुंच चुकी है। यूनियनों ने आक्रोश जताते हुए कहा है कि सेल में दिन रात पसीना बहाने वाले मजदूरों के खून की कीमत पर उत्पादन किया जा रहा है। चेयरमेन, बोर्ड मेंबर, ईडी, सीजीएम को मोटा वेतन, इंक्रीमेंट, पीआरपी व प्रमोशन मिल रहा है। इस्पात मंत्रालय/डीजीएफएएसएलआई /फैक्ट्री इंस्पेक्टर / राज्यों के चीफ आफ फैक्ट्री इंस्पेक्टर चुपचाप तमाशा देख रहे हैं।

■ चेयरमैन, बोर्ड मेंबर, ईडी, सीजीएम को मिल रहा मोटा वेतन, प्रमोशन, पीआरपी व इंक्रीमेंट, मजदूरों के हिस्से में सिर्फ दर्द

### सेल की यूनिटों में दुर्घटनाओं से मौतें

1. यूनिट का नाम बीएसपी दुधर्टना 31 जनवरी -2025 मृतक का नाम - ओम प्रकाश ठेका कर्मचारी, ठेका कंपनी का नाम - ग्रीप सट्रिपिंग टेक्नोलॉजी स्थान -मर्चेंट मिल शिपिंग लाइन नं. -190, 2. बोकारो 12 फरवरी मृतक का नाम मनोज कुमार ठेका कर्मचारी, कोक ओवेन कोल टावर नं.3, 3. यूनिट का नाम रामनगर कोलियरी, 16 फरवरी मृतक का नाम केदार पान नियमित कर्मचारी पीएम डूबरीडीह क्यूरी, गुआ माईंस, 22 जून मृतक चरण पुर्ती कर्मचारी 56 वर्ष- पीएम, 5. राउरकेला 21 जुलाई मृतक अभिराम महतो ठेका कर्मचारी एएम ठेका कंपनी का नाम लक्की इंटरप्राईजेज, एसएमएस-2, 6. बोकारो मे 14 अगस्त मृतक शिल जोगी शर्मा ठेका कर्मचारी ठेका कंपनी का नाम अतुल कंस्ट्रक्शन ब्लास्ट फर्नेश कर्नवर्टर क्रमांक 1, दुधर्टना 7. यूनिट का नाम बर्नपुर 27 अगस्त मृतक सुनील कुमार सिन्हा ठेका कर्मचारी 12 एएम ब्लास्ट फर्नैस कनवर्टर, 8. बोकारो 29 अगस्त, मृतक बिनय कुमार ठेका कर्मचारी कंपनी का नाम अतुल कंस्ट्रक्शन ब्लास्ट फर्नेश -5 मैकेनिकल, 9. सीएमओ दुर्गापुर 25 सितंबर मृतक आकाश मंडल ठेका कर्मचारी एएम, ठेका कंपनी का नाम - एक्सप्रेसवे एचसी स्टांक यार्ड, बोकारो 28 सितंबर, मृतक (3) ठेका कर्मचारी ब्रजेश महथा प्रवीर कुमार लाहरी एएम- एस बी कंस्ट्रक्शन ,एसएमएस 2,10 वीं दुर्घटना चंद्रपुर फेरो अलॉय प्लांट में एक स्थाई अपंगता का भी मामला है,11. बीएसपी 15 नवंबर मृतक देवेंद्र चंद्राकर (43 वर्ष) ठेका कर्मचारी ठेका कंपनी-एम मोहन /मेकॉन लोकेशन एसएमएस- 2।

### बीएकेएस ने कहा सेफ्टी पर हो फोकस

बीएसपी सहित सेल में बढ़ रहे हादसों व मजदूरों और कर्मचारियों की मौतों के बढ़ने पर यूनियनों ने सेफ्टी पर सवाल उठाया है । बीएएकेएस यूनियन ने कहा है कि सेल के सभी प्लांटों में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें ठेका श्रमिक व आम कमर्चारी की जान जा रही है। इस्पात उत्पादन मजदूरों के खून की कीमत पर नही होना चाहिए। सेफ्टी व इनके कार्यक्रम पर करोड़ों रुपए खर्च करने वाले स्थानीय व सेल प्रबंधन मजदूरों कर्मचारियों की जमीनी सेफ्टी व अफसरों की लापरवाही पर ध्यान दि जाने की जरुरत है।

## जिपं सभापति प्रिया साहू सहित 18 गांव के लोग बने आयोजक

# नगपुरा में आएंगे पं. प्रदीप मिश्रा, होगी शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग जिले के शिवभक्तों के लिए एक बड़ी सुखद खबर है। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं . प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा नगपुरा में आयोजित होने जा रही है। यह कथा नगपुरा ग्रामवासियों को शिवकृपा से अचानक मिली है। मुख्य यजमान जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 और जिला पंचायत के सभापति प्रिया साहू और नगपुरा सहित 18 गांव के लोग हैं। पं. मिश्रा सहमति मिलने के बाद आयोजकों ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। कथा 17 से 21 दिसंबर तक होगी।



### 150 एकड़ क्षेत्रफल में होगी शिवमहापुराण की कथा



मुख्य यजमान जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने बताया कि गुरुदेव पं. प्रदीप मिश्रा की सहमति देने के बाद नगपुरा जैन मंदिर के पीछे रिक्त भूमि पर आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। यहां पर 150 एकड़ क्षेत्रफल खाली जमीन जुटाई गई है। जिसमें शिवमहापुराण का व्यासपीठ बनेगा। श्रद्धालुओं के लिए तीन बड़े विशाल डोम लगाए जाएंगे। इसके अलावा पूरी जगह पर श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा के लिए दो दर्जन से ज्यादा पंडाल लगाने की योजना बनी है।

### 18 गांवों की सहभागिता से कथा होगी सफल

मुख्य यजमान सभापति सुश्री प्रिया ने बताया कि शिवमहापुराण कथा में नगपुरा सहित अंचल के 18 गांव के लोग सहभागी होंगे। जिसमें बोरई, अंजोरा, ढ़ाबा, रसमड़ा, पीपरछेड़ी, सिलोढ़ा, खपरी, दुर्ग अंजोरा, थनौद,, बिरेझर, चंगोरी, कोटनी, डांड़ेसरा, भेड़सर, दमोदा, खुरसुल, खुर्सीडीह, गनियारी आदि गांव शामिल हैं। गांव में शिवमहापुराण आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठक भी ली जा रही है। जिसमें कार्यकर्ता के रूप में सहयोग देने वालों की सूची तैयार की जाएगी।

### धनोरा की कथा की होगी भरपाई

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा धनोरा गांव में दामोदर प्रसाद साहू परिवार द्वारा 25 नवंबर से 29 नवंबर को आयोजित थी लेकिन लगातार बारिश की वजह से यह कथा सिहोर से ऑनलाइन हुई। लाखों शिवभक्तों को पंडाल पर कथा सुनने की लालसा थी। अब नगपुरा में इन श्रद्धालुओं को पंडाल पर शिवमहापुराण की कथा सुनने मिलेगी।

### माकपा ने आंदोलित सहकारी समिति कर्मचारियों का किया समर्थन

**भिलाई।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी माकपा ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर मानस भवन दुर्ग में पिछले 12 दिनों से धरने पर बैठे 2058 सहकारी समिति के कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया है। जिला सांगठनिक समिति का एक प्रतिनिधि मंडल ने धरना स्थल पर पहुंचकर जल्द मांगों को पूर्ण करने की मांग की है।



कर्मचारियों को संबोधित करते हुए माकपा नेता एसपी डे ने कहा कि मांगें जायज हैं और सरकार के नकारात्मक रवैये से आम जनता, विशेष कर किसानों के बीच, धान खरीदी व्यवस्था को बिगाड़ने के साजिश की आशंका उत्पन्न होना स्वाभाविक है। माकपा नेताओं ने कहा कि सरकार के रवैए से उठने वाले सवाल का सरकार जवाब दे। धान केंद्रों से संग्रहित धान के उठाव में देरी से होने वाले नुकसान का भार समिति पर क्यों ?, उठाव में देरी से होने वाले नुकसान का भार डालने से समितियां कैसे चलेगी।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



लाइव इवेंट

## देखबो सीख के रहीबो, मेरी घड़ी और समय तुम्हारा गेम में दिखा उत्साह



**भिलाई।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वावधान में सभी विद्यालय में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता मेला का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा टैंक में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्यों का सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए किया गया। इस एफ. एल. एन. मेला में हिंदी, गणित ,अंग्रेजी और बलवाड़ी के 24 स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पार्षद रामकिशन यादव, विधायक प्रतिनिधि कमलेश्वर देवांगन, संकुल प्राचार्य मित्रा राय चौधरी, एस. सी. ई .आर. टी . रायपुर शबनम खान, वानी मसीह, डी. आर. जी.अर्शिया इकबाल और प्रधान पाठिका राधा सूर्यवंशी सहित सभी शिक्षक, पालक उपस्थित रहे।

मेले में गतिविधियां बालवाड़ी से लेकर कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए विशेष प्रभावशाली व उपयोगी रही। जिसमें बच्चों के सीखने के लिए प्रारंभिक शिक्षा के लिए घटाव मशीन, अंकों का जोड़, मेरे जैसा कौन, रंगों का खेल, जोड़ मशीन, एक्शन वर्ड, पर्ची उठाओ और पढ़ कर बताओ, मेरी घड़ी समय तुम्हारा, डाइस गेम अवधारणा के साथ चित्र चार्ट के माध्यम से बुनियादी भाषा और संख्या सीखने का ज्ञान प्राप्त किया। बेहद ही मनोरंजक रूप से सभी आत्मविश्वास के साथ सभी का उत्साहवर्धन किया गया। मेले के आयोजन में सभी शिक्षक और बच्चों ने मिलकर 4 दिनों से सभी तैयारिया की थी। आयोजन में शिक्षिका ज्योति चौहान, जयश्री वर्मा, वर्षा यादव और अंकिता यादव ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही बच्चों का भी सहयोग सराहनीय रहा।



● तहसील साहू संघ ने किया 17 परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों का सम्मान

# सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी समाज के बच्चों ने, संघ सहित परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों ने ली शपथ, मिली नई जिम्मेदारी



**भिलाई। रिसाली तहसील साहू संघ द्वारा नवनिवार्चित पदाधिकारियों व परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम रविवार को इस्पात नगर मां कर्मा भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू मित्र सभा के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू थे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के महामंत्री अमोल दास साहू ने की । विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, छग प्रदेश साहू संघ के खिलावन साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी पूनाराम कलिहारी व पूर्व क्रेडा अध्यक्ष विजय साहू उपस्थित रहे। संघ ने अपने अधीनस्थ 17 परिक्षेत्रीय एवं ईकाई साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया। अतिथियों ने नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष डॉ. कामता साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, महिला उपाध्यक्ष संध्या साहू, संगठन सचिव कौशल चौधरी, महिला संगठन सचिव तारिणी साहू सहित परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अतिथियों ने समाजिक विकास और कुरीतियों को दूर करने की दिशा में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शुभकामनाएं दी।**



### इनका हुआ सम्मान

परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पांडव साहू, गिरधरी साहू, अश्वनी बनपाल, निलेश्वर साहू, अशोक साहू, जानकी साहू, मोहनलाल साहू, रेखराम साहू, दिनेंद्र साहू, कल्याण साहू, संतोष साहू, विश्वनाथ साहू, चितेंद्र साहू, घनश्याम साहू, राजेंद्र साहू, ओषण साहू, तेजराम साहू, उमेंदी साहू, गिरधरी साहू की टीम का सम्मान किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष संतोष साहू, नंदलाल साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### सास्कृतिक प्रस्तुति ने मन मोहा

समारोह में सुमन डांस ग्रुप मरोदा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस ग्रुप ने जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मईया.. की प्रस्तुति दी जिसे जमकर सराहना मिली और समाज के लोगों ने प्रोत्साहन राशि इस ग्रुप को देकर उनका हौसला बढ़ाया। समाज की सौम्या दादर ने नृत्य के साथ गणपति महराज की वंदना पेश की। सौम्या को भी इस प्रस्तुति पर पुरस्कार राशि मिली। समारोह की शुरूआत भक्त मां कर्मा के भजन और आरती से हुई। भक्तिमय संगीत भी कार्यक्रम में कलाकारों की मंडली ने पेश किए। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार साव शिक्षक ने किया।

### तहसील के अंतर्गत निवासरत साहू परिवार का होगा सर्वे

अध्यक्ष डॉ. कामता ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए उनकी संगठन में भागीदारी सुनिश्चित की गई है। रिसाली तहसील के अंतर्गत जितने भी साहू परिवार रहते हैं उनका सर्वे करवाएंगे। इससे जो समाजिक बंधु या परिवार हमसे जुड़ नहीं पाए हैं उन्हे जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे समाजिक विकास को गति मिलेगी। पीएचसी या उच्च स्तरीय परीक्षा में हमारे समाज के बच्चों को मार्गदर्शन देने की कार्ययोजना भी अमल में लाई जाएगी। हर छह महीने में स्वास्थ्य शिविर लगे जिससे सभी का स्वास्थ्य जांच होती रहे और समय पर अपना इलाज करवाकर स्वस्थ्य जीवन जी सके इस पर भी हमारा संघ कार्य करेगा।



### सामाजिक नियमावली का पालन करवाने लगाएंगे कार्यशाला, महिलाओं की समाज में भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. साहू

शपथ ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष डॉ. कामता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाजिक नियमावली बनी है लेकिन इसका पालन सभी परिक्षेत्रीय व ईकाई में एक जैसा होना चाहिए। नियमावली का पालन करवाने के लिए परिक्षेत्रीय व ईकाई के पदाधिकारियों की कार्यशाला लगाएंगे। समाज के बीच आपसी भाईचारा,सद्भावना और अपनत्व का निर्माण हो ऐसी मंशा लेकर हमारा तहसील संघ चलेगा। अभी भी भेदभाव की प्रवृत्ति देखना मिलता है। इसे रोकना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है इसलिए हमारे समाज की महिलाएं भी आर्थिक रूप से संबल हो इस दिशा में भी आगे आने की जरूरत है।

सिटी इवेंट

## रंग-बिरंगी वेशभूषा, उत्साह और खिलखिलाहट से सराबोर रहा आनंद मेला



- विभिन्न स्टॉलों का आकर्षक
- नंदिनी में उल्लासपूर्ण बाल दिवस समारोह
- दिन भर चली प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

**भिलाई।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में ट्विनसिटी में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइन्स विद्यालय की प्राचार्या योगिता शर्मा ने कहा कि बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, खुशियों व उनके सर्वांगीण विकास को समर्पित राष्ट्रीय पर्व है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की रंग-बिरंगी वेशभूषा, उत्साह और खिलखिलाहट से सराबोर रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिंताला श्रीकान्त महाप्रबंधक नंदिनी माइन्स एवं अध्यक्ष, एल.एम.सी. डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइन्स और उनकी धर्मपत्नी रजनी चिंताला, सुधाकर जामुलकर महाप्रबंधक, नंदिनी माइन्स और ओमेन टेटे प्रोजेक्ट नामिनी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से स्कूल पिकनिक का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न स्टॉलों का आकर्षक आयोजन किया गया। भोजन, खेल और मनोरंजन से सजे सभी स्टॉल में बच्चों ने रचनात्मकता और उत्साह का सुंदर प्रदर्शन किया।

दिनभर चले खेल-गतिविधियों में बच्चों ने उमंग और उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्राचार्या, शिक्षकों, अतिथियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए बच्चों का उत्साह दोगुना कर दिया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रभारी रानू खंडूजा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



# संविधान के अधिकार, कर्तव्य, दहेज और मोटरयान अधिनियम की दी जानकारी, करियर दिशा-निर्देशन भी

- बाल दिवस पर दुर्ग में विधिक जागरुकता का व्यापक अभियान

**भिलाई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा बाल दिवस के अवसर पर जिले के कई कॉलेज, विद्यालयों बी.एम. कॉलेज दुर्ग, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, शासकीय माध्यमिक शाला पोटिया सहित अन्य स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया।



इन कार्यक्रमों में जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग के 6 न्यायाधीश उपस्थित रहे। बी एम कॉलेज दुर्ग में आयोजित शिविर में न्यायाधीश ने बच्चों को बाल दिवस मनाने के उद्देश्य के साथ-साथ घरेलू हिंसा अधिनियम, संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्य, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मोटरयान अधिनियम और करियर दिशा-निर्देशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में आयोजित शिविर में तीन न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व, साइबर अपराधों से बचाव और करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सरल भाषा में समझाई।

शासकीय माध्यमिक शाला पोटिया में आयोजित शिविर में दो न्यायाधीश उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को कानून और न्याय की बुनियादी अवधारणाओं को सरल शब्दों में बताया, न्यायालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का समाधान भी किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को न्यायालय भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया को नज़दीक से समझ सकें। इन सभी कार्यक्रमों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पी.एल.वी. ने बाल अधिकार, बाल सुरक्षा और बच्चों की कानूनी जागरूकता को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रयास किए। इन शिविरों से छात्रों को व्यापक रूप से लाभ मिला और उन्होंने कानून तथा अपने अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## इवेंट थिंक बिज़्ज़ में दिखाया बिजनेस आइडिया, केएच मेमोरियल बने विजेता

**भिलाई।** के के मोदी यूनिवर्सिटी, दुर्ग द्वारा आयोजित इवेंट थिंक बिज़्ज़ 4.0 में इस वर्ष एक बार फिर केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स की टीम ने बाजी मारी है। फाइनल राउंड में इस टीम ने अपने बिजनेस आइडिया और पिच आफ प्रेजेंटेशन से निर्णायको का दिल जीत लिया।



फर्स्ट प्राइज के रूप में टीम की दो स्टूडेंट शीतलपति और आकांक्षा दुबे को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कैश से सम्मानित किया गया। बिजनेस आइडिया पर आधारित इस इवेंट में आठ स्कूलों की कुल 28 टीमों ने भाग लिया। जिसमें दो राउंड हुए। दूसरे राउंड में 6 टीमों का सिलेक्शन हुआ। फाइनल राउंड में केएच ग्रुप ऑफ स्कूल की टीम जिसमें शीतलपति और आकांक्षा दुबे थी, ने अपने बिजनेस आइडिया और पिच आफ प्रेजेंटेशन से प्रभावी प्रस्तुति दी। क्वेश्चन आंसर हुए जिसमें भी इस टीम ने अपनी प्रतिभा दिखाई। परिणाम घोषित हुए तो इस टीम को फर्स्ट प्राइज मिला। के के मोदी यूनिवर्सिटी के एचओडी डॉ विक्रम, कैंपस डायरेक्टर टक्कर गलघर और हेड ऑफ एडमिशन एंड मार्केटिंग शेक मिज़ाह ने विजयी दोनों स्टूडेंट्स को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और 7000 रु कैश देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल विभा झा ने दोनों विजेता स्टूडेंट्स को बधाई दी।

महिलाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिखाई ताकत, बटोरी तालियां

# कई दिनों तक नहीं खाई मिठाई और फैटी फूड, रातें भूख और थकान में निकलीं, तब बने चैम्पियन



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित पॉवर जिम में महिलाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों ने पावर लिफ्टिंग से लेकर बेंच प्रेस तक शानदार प्रदर्शन किया। इन तीन दिनों में करीब 400 प्रतिभागियों ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया। विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पॉवर जिम में चल रहा तीन दिवसीय पॉवर स्पोर्ट्र्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ का समापन रविवार को हुआ। आखिरी दिन का माहौल जोश से भरा रहा। महिलाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों ने पावर लिफ्टिंग, स्क्वाट, डेडलिफ्ट और बेंच प्रेस में जबरदस्त प्रदर्शन किया। दर्शकों ने महिलाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता भी लोगों को पूरे समय खींचे रखी। मुकाबले देर रात तक चलते रहे। इस बार फेस्टिवल में करीब चार सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों से पहुंचे थे। समापन कार्यक्रम में विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।







### इन विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

महिलाओं की अलग-अलग वर्ग समूह में स्क्वाट सब जूनियर स्पर्धा में अनन्या विनचुरे दुर्ग, आभा चन्द्राकर महासमुंद, चंदना गोस्वामी बिलासपुर, प्रिया सिंह राजनांदगांव, ए आंवी बीएसपी, चंचल उईके राजनांदगांव, जूनियर ग्रुप में सिगिनम लावन्या बीएसपी, पायल घोघरे रायपुर, सीनियर में तान्या सिंह राजनांदगांव, मास्टर वर्ग में कविता ठाकुर दुर्ग विजेता रहे। बेंचप्रेस जूनियर ग्रुप में पायल घोघरे रायपुर, सब जूनियर ग्रुप में अनन्या विंचुरे, चंदना गोस्वामी बिलासपुर, आभा चन्द्राकर महासमुंद, प्रिति सिंह राजनांदगांव, ए आन्वी, चंचल उईके राजनांदगांव और मास्टर ग्रुप में कविता ठाकुर दुर्ग विजेता रहे। इसी प्रकार डेडलिफ्ट जूनियर ग्रुप में पायल घोघरे रायपुर, एस लावान्या दुर्ग, मिनाक्षी टंडन दुर्ग, सब जूनियर में अनन्या विंचुरे दुर्ग, धनेश्वरी साहू बलोदा बाजार-भाठापारा, चंदना गोस्वामी बिलासपुर, आभा चंद्राकर महासमुंद, प्रिति सिंह राजनांदगांव, ए आंवी बिलासपुर, चंचल उईके राजनांदगांव, सीनियर में तान्या सिंह राजनांदगांव, मास्टर में कविता ठाकुर दुर्ग विजेता रहे। पॉवर लिफ्टिंग जूनियर में पायल घोघरे रायपुर, अनन्या विंचुरे दुर्ग, आभा चन्द्राकर महासमुंद, चंदना गोस्वामी बिलासपुर, हिमांशि देशमुख दुर्ग, ईशा रात्रे सक्ति, एस लावान्या दुर्ग, प्रिति सिंह, आस्था झा रायपुर, सब जूनियर में प्रिति सिंह राजनांदगांव, ए आंवी बिलासपुर, चंचल उईके राजनांदगांव, अन्नपूर्णा नायक बीएसपी, अनन्या विंचुरे दुर्ग, सीनियर में तान्या सिंह राजनांदगांव, वंदना मंडल दुर्ग, गुरप्रीत कौर भाटिया राजनांदगांव, मास्टर में सरिता मंडावी राजनांदगांव, कविता ठाकुर दुर्ग विजेता रहे।

## सिटी इवेंट

# बच्चों के फेस में दिखी प्यारी सी स्माइल, मातृ छाया में बांटा उपहार



**भिलाई।** बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए सेवा कार्य का आयोजन किया गया। समाजसेवी हेमा सक्सेना ने मातृ छाया के नन्हे बच्चों के साथ बाल दिवस मनाते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार भेंट किए और उनके साथ क्वािलिटी टाईम बिताया। जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया।

- बाल दिवस पर हेमा सक्सेना द्वारा सेवा कार्य एवं उपहार वितरण

इस दौरान हेमा सक्सेना ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके प्रति संवेदनशीलता का दिवस है। कार्यक्रम में बच्चों को प्रेरणादायक कहानियां सुनाई गईं। साथ ही स्वच्छता और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। जिसके बाद बच्चों को अध्ययन-सामग्री और अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए गए। मातृ छाया संस्थान के विषय में हेमा ने बताया कि सेवा भारती द्वारा संचालित मात्र छाया संस्थान बोरसी स्थित सेवा केन्द्र में जहां समाज के जरूरतमंद, परित्यक्त एवं असहाय बच्चों की देखभाल की जाती है, यहां दो माह से लेकर लगभग 10 वर्ष तक के बच्चे सुरक्षित वातावरण में निवास करते हैं। संस्थान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और भावनात्मक स्नेह प्रदान करना है, जिससे वे एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ सकें।

इस संस्थान का प्रबंधन सेवा भावना से प्रेरित टीम में डॉ. हिशिकर प्रबंध संचालकों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उनकी देखरेख में बच्चों के देखभाल, विकास कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधा और शैक्षिक गतिविधियों का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाता है। मातृ छाया संस्थान सेवा भारती के उस व्यापक मिशन का महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जो समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों को सुरक्षित आश्रय और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यरत है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अनुदान प्राप्त संस्था है।

## सिटी लाइव

# पूर्वा की गायिकी से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध प्रोत्साहित करने दिए 50 हजार रुपए



**भिलाई।** विश्व सैक्सोफोन दिवस के अवसर पर कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित साज की आवाज और संगीतमय संध्या में देर रात तक सुरों का जादू बिखेरने वाली गायिका पूर्वा श्रीवास्तव को 50 हजार की नगद राशि प्रदान की गई। 6 नवंबर को आयोजित इस म्यूजिकल इवेंट में छत्तीसगढ़ की गायिका पूर्वा श्रीवास्तव ने अपनी सुरीली, मधुर और दिल को स्पर्श करने वाली प्रस्तुति से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया था। पूर्वा के शानदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर भिलाई-दुर्ग के उद्यमी और समाजसेवी विजय अग्रवाल ने मंच पर ही 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी। जिसे पूरा करते हुए उन्होंने आज पूर्वा श्रीवास्तव को 50,000 रुपये की नगद राशि प्रदान की। इस दौरान उपस्थित लोगो ने तालियों के साथ पूर्वा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के आयोजक, समाजसेवी और मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा ने भी छत्तीसगढ़ के विख्यात सैक्सोफ़ोनिस्ट अनिल केमें को 11,000 रुपये एवं नागपुर के प्रतिभावान गायक शकील को 5,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। कलाकारों ने इस सम्मान को "अमूल्य प्रेरणा" बताते हुए आभार व्यक्त किया। प्रोत्साहन राशि वितरण के अवसर पर पूर्वा की मां प्रीति श्रीवास्तव, एसआई यशवंत श्रीवास्तव, मंच के सचिव तुलसी सोनी, मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सहित संगीतप्रेमी और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

- मंच ने समाजसेवी विजय अग्रवाल एवं कैलाश जैन बरमेचा के योगदान पर जताया आभार

# दुर्ग जिला छात्रवृत्ति आवेदनों में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विगत दिवस छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति प्रभारी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नवीनीकरण नवीन आवेदनों में प्रगति लाने तथा छात्रवृत्ति के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त अविनाश श्रीवास द्वारा अवगत कराया गया कि दुर्ग जिला कुल स्वीकृत आवेदनों की संख्या में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने बताया कि सभी संबंधित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर से पहले आवेदन कर समस्त आवश्यक अभिलेख, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र संस्था के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग को प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। समस्त छात्र जिसके पालक की वार्षिक आय अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 2.50 लाख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 1.00 लाख तक हैं छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पात्र हैं।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग जनजाति पखवाड़ा दिवस का समापन महोत्सव

# नाटक में दिखाया इतिहास, मां ने कहा था- शेर का शिकार करना बड़ी बात नहीं, हिम्मत वाले हो तो अंग्रेजों से लड़ो

**भिलाई।** जब तात्या भील ने शेर का शिकार किया, तब उनकी मां ने उनसे कहा था कि शेर का शिकार करना बहुत बड़ी बात नहीं है, यदि सच में हिम्मत है तो अंग्रेजों से लड़ो। यही सीख आगे चलकर क्रांति का बीज बनी। इतिहास के पन्नों की यह बातें केंद्रीय विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताई गई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में जनजाति पखवाड़ा दिवस बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दीवार पेंटिंग, चित्रकला प्रदर्शनी, आदिवासी भोजन, पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों को आदिवासी संस्कृति की जड़ों और मूल्यों से परिचित होने का अवसर मिला।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव गांधी नेशनल अवार्ड प्राप्त, वैशाली नगर कॉलेज की समाजशास्त्र विभाग की प्रो डॉ. चांदनी मरकाम उपस्थित रही। विद्यार्थियों को जनजातीय संस्कृति, संघर्ष और गौरवमयी विरासत से अवगत कराने के लिए एक सार्थक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी संस्कृति पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### आदिवासी नृत्यों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति निशा, खुशी, वैभवी, अनिका, हुमेंद्र, भाविका, डॉलीशा, गुनीता, सोनिया एवं शिवानी की टीम द्वारा दी गई। जिसने कार्यक्रम की सांस्कृतिक छटा को और समृद्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रचना पाल और डॉ. श्रावणी सिंह ने सहयोग किया।



### आदिवासी संस्कृति सरलता सिखाती है

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति हमें प्रकृति से संतुलन, धैर्य, सामूहिकता और सरलता का जीवन जीना सिखाती है। हम स्वयं को भले ही आधुनिक और विकसित समझ लें, लेकिन प्रकृति की उपासना करने वाला जनजातीय समाज जीवन मूल्यों के स्तर पर कहीं अधिक समृद्ध है।भारत की लगभग 8.6 प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदायों से आती है। हमें अपने पूर्वाग्रहों को छोड़कर इनकी संस्कृति, संघर्ष और सभ्यता को समझना चाहिए। यही समझ हमें बेहतर मनुष्य बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने आगे कहा कि जनजाति पखवाड़ा अपने इतिहास, विरासत और सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ने का महत्त्वपूर्ण अवसर है और विद्यालय सदैव इस दिशा में सार्थक पहल करता रहेगा।









### आस्था और विश्वास देती है संदेश

संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने भंगार देवी मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मेले में देवताओं की पेशी लगती है, जहां 240 गांवों के लोग अपने देव-देवियों को लेकर उपस्थित होते हैं। यह आस्था और विश्वास अपने आप में अनोखा संदेश देता है कि समाज में नेतृत्व करने वाले लोग यदि नियम-कानून से ऊपर होने की भूल करते हैं, तो जनता उन्हें 'कटघरे' में खड़ा करना भी जानती है। उन्होंने बताया कि आदिवासियों का संघर्ष भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से भी पुराना है। हमें 1857 पढ़ाया जाता है, जबकि 1770 से ही आदिवासी अंग्रेजों से संघर्ष कर रहे थे। 1852 में सरगुजा की क्रांति हुई, हूल क्रांति ने बड़ा रूप लिया, लेकिन इन अध्यायों को इतिहास में समुचित स्थान नहीं मिला।

### बच्चों ने सुनी द टाइगर बॉय की रोचक कहानी

राजीव गांधी राष्ट्रीय वार्ड से सम्मानित विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर चांदनी मरकाम ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा कि आदिवासी संस्कृति कम साधनों में संतोषपूर्वक जीवन जीने और प्रकृति की पूजा करना सिखाती है। उन्होंने चेंदरू मंडावी 'द टाइगर बॉय' का उदाहरण देते हुए बताया कि जनजातीय समाज की बाल चेतना भी प्रकृति और संवेदना से जुड़ी होती है। चेंदरू ने शेर को अपना दोस्त बना लिया था। उन्होंने तात्या भील का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि सच में हिम्मत है तो अंग्रेजों से लड़ो। यही सीख आगे चलकर क्रांति का बीज बनी। तात्या भील, उनके दो भाई और तीन बहनें स्वतंत्रता संघर्ष में वीरगति को प्राप्त हुए। अनेक गांव अंग्रेजों के दमन से उजाड़ दिए गए, परंतु इतिहास में इन बलिदानों को आज भी वाजिब स्थान नहीं मिला है। समापन अवसर पर दीवार पेंटिंग, चित्रकला प्रदर्शनी, आदिवासी भोजन, पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं को आदिवासी संस्कृति की जड़ों और मूल्यों से परिचित होने का अवसर मिला।

## शिविर में किया 25 यूनिट रक्तदान

# सत्य साई बाबा का मनाया जन्मोत्सव 5 यूनिट रक्तदान कर की समाजसेवा



**भिलाई।** सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगर की आध्यात्मिक और सेवा कार्यों में अग्रणी सत्य साई सेवा समिति दुर्ग भगवान सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के शताब्दी वर्ष में रक्त दान शिविर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित हुआ। इस रक्त दान शिविर में 25 यूनिट रक्त दान किया गया। समिति के मेडिकल कॉर्डिनेटर दिलीप ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्त दान शिविर में समिति के युवा, साई भक्त, छत्रपति इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र, कल्याण कॉलेज के एनसीसी के छात्रों ने रक्त दान में विशेष भूमिका निभाई। रक्त दान शिविर में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम, जिला सर्वेलेंस नोडल अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे, रक्तकोष अधिकारी डॉ मिथिलेश पारकर, नर्सिंग होम नोडल अधिकारी डॉ श्रवण, रिया, डॉ अवतस वैष्णव, काउंसलर टी एस एंथोनी, नर्स सती तरुणा, सुपरवाइजर रूपेश, टेक्नीशियन खिलावन, अदिति, मीनाक्षी, अंशु, हिमांशु, माला, समिति दिलीप ठाकुर, श्रीनिवास राव, सौरभ पांडे, नवीन त्रिपाठी, सीताराम ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर, हरिश्चन्द्र ठाकुर, सुशीला साहू, अनुपूर्णा राव, पूजा साहू, रंगदमन राजपूत, मनोज साहू, वी कृष्णा राव, देव कुमार साहू, गौरव सिंह ठाकुर, बीके साहू, राजू सोनी, अरविंद राव, हरिश्चन्द्र ठाकुर, विशेष रूप से जिला संयोजक संदीप नायडू उपस्थित थे।

## कार्यकारिणी चुनाव कार्यक्रम

# बौद्ध महासभा के चुनाव की घोषणा 17 को जारी होगी मतदाता सूची

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं.क्र. 1119 डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर - 6 के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। चुनाव कार्यक्रम 17 नवंबर से शुरू होगा और मतदान व इसके उपरांत मतगणना 14 दिसंबर को है।

इस संबंध में चुनाव कराने संचालन समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. उमाकांत एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रभाकर खोब्रागड़े, नरेश कुमार मेश्राम, अनिल रंगारी, भारती खांडेकर मनोनीत किये गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. उमाकांत ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवंबर को होगा, जो आम्बेडकर भवन में 5 दिनों के लिए 21 नवंबर तक सूचना पटल पर चस्पा रहेगा। नामांकन पत्र का वितरण 27 नवंबर गुरुवार से 29 नवंबर शनिवार तक 3 दिनों के लिए किया जाएगा।

प्रत्याशी अपने वार्ड के समर्थक एवं प्रस्तावक को नामांकन प्रपत्र जमा करते समय साथ लेकर आएंगे और प्रस्तावक एवं समर्थक का नाम उसी वार्ड की मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। आवेदक समर्थक एवं प्रस्तावक को अपने साथ आधार कार्ड एवं निर्वाचन कार्ड पहचान हेतु लाने कहा गया है। नामांकन पत्र 30 नवंबर



रविवार से एक दिसंबर सोमवार तक जमा लिए जाएंगे।

नामांकन प्रपत्रों की जांच दो दिसंबर मंगलवार को होगी। जांच के बाद आवेदन पत्रों की सूची तीन दिसंबर बुधवार को जारी होगी। नाम वापसी 4 दिसंबर गुरुवार तक होगी। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटन 5 दिसंबर शुक्रवार को होगा। पात्र उम्मीदवारों की घोषणा एवं सूची 7 दिसंबर रविवार को जारी होगी। मतदान 14 दिसंबर रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 14 दिसंबर को ही मतदान समाप्ति के 2 घंटे बाद शाम 7 बजे से प्रारंभ की जायेगी। मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की जायेगी तथा विजयी उम्मीदवारों को कार्यकारिणी सदस्यता का प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। इसके उपरांत 17 दिसंबर को निर्वाचित सदस्यों की कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन दोपहर 12 बजे चुनाव संचालन समिति के नियंत्रण में होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. उमाकांत ने कहा कि आकस्मिक या अप्रत्याशित कारणों से कार्यक्रम में परिवर्तन करना पड़े तो अंतिम निर्णय चुनाव संचालन समिति को होगा।

## वंशिका और रवीना ने जीता अटल बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब

# बच्चों में मोबाइल की लत को छुड़ाने खिलाए गए आउटडोर गेम, अटल बैडमिंटन चैंपियनशिप में दिखाया हुनर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बच्चों में मोबाइल की लत को छुड़ाने के लिए बैडमिंटन अकादमी और तालपुरी बी ब्लॉक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था जिसका फाइनल मैच खेलकर और विजेताओं को ट्राफी प्रदान कर समापन किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन 1 नवंबर को किया गया था।

तालपुरी बी ब्लॉक के बैडमिंटन ग्राउंड में खेले गए अटल बिहारी वाजपेयी बैडमिंटन चैंपियनशिप के फायनल मैच में सब जूनियर ग्रुप में के वंशिका और जूनियर ग्रुप में रवीना देवांगन ने जीत कर खिताब अपने नाम दर्ज किया है। बालिका वर्ग के ये दोनों ही मैच एकतरफा रहे। तीन सेटों के सब जूनियर ग्रुप में के वंशिका ने मृणाल ऊर्वषा को 21-10, 21-8 के स्कोर से जबकि, जूनियर ग्रुप में रवीना देवांगन ने अक्षिता अवचट को 21-9, 21-6 के स्कोर से पराजित कर दिया। विजेताओं को डीसी गढ़ेवाल ने अपने पिता की स्मृति में और उप विजेताओं को आरएस कन्नौजिया ने अपने माता-पिता की स्मृति में विजेता कप ट्राफी प्रदान की।





### सत्तर खिलाड़ियों का पंजीयन

पहली बार हुए इस टूर्नामेंट में लगभग सत्तर खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया, जिनमें पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा रही। विजेता खिलाड़ियों को सिविक सेंटर पोस्ट ऑफिस की सहायक अधीक्षक सीमा श्रीवास्तव ने मैडल और कप प्रदान किया। सीमा श्रीवास्तव ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, संयोजक ओपी मिश्रा एवं तकनीकी सलाहकारों असीम सिंह, महेश विश्वकर्मा, गजानन अवचट, संजय ढवस सहित पूरी टीम की सराहना की।



### क्वालीफाइंग मैच के परिणाम

इससे पहले सब जूनियर ग्रुप में अंशुमन पाढ़ी और आदित्य सिंह के बीच हुए मुकाबले में अंशुमन ने 21-8, 21-14 के स्कोर से जीत दर्ज की, वहीं जूनियर ग्रुप में गौरव देवांगन ने अनिल कुमार गवेल को 21-9, 21-9 के स्कोर से शिकस्त दी। इस ग्रुप का एक अन्य मैच भी एकतरफा रहा, जिसमें रोयन राम ने सम्यक बोरकर को 21-01, 21-08 के स्कोर से आसानी से पराजित कर दिया। सबसे ज्यादा रोमांचक मुकाबला जूनियर ग्रुप के दिव्यांश रॉय चौधरी और श्रेयस गायकवाड़ के बीच हुआ, जिसमें दिव्यांश ने अपने विरोधी को 21-13, 19-21 तथा 21-15 के स्कोर से हराया। उधर सीनियर ग्रुप में शीतल दास ने गजानन अवचट को 21-11, 21-15 के स्कोर से मात दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-14 एलिट ग्रुप क्रिकेट में भिलाई, कांकेर, राजनांदगांव और धमतरी में रोमांचक दौर



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर 14 एलिट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को चार मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बीसीए टीम पहली पारी 161 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी 5 विकेट पर 144 रन बनाए।

राजनांदगांव में हुए मैच में टीम रायगढ़ के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर टीम पहली पारी में 164 पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने पहली पारी में चार विकेट पर 105 रन बनाए। इसी तरह न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध रायपुर ब्लू टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 168 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम ने पहली पारी में दो विकेट पर 69 रन बनाए। धमतरी में हुए मैच में टीम जशपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी में राजनंदगांव टीम पहली पारी में 90 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने पहली पारी में सात विकेट पर 75 रन बनाए।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन में उत्सव, सिद्धिमा, वैभव विजेता



**रायपुर।** 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप राजधानी के सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में आयोजित की गई। जिसमें बालक सिंगल्स अंडर-15 फ़ाइनल में उत्सव अग्रवाल (रायपुर) ने हृद्यांश पटेल (रायपुर) को 21-14, 21-14 से हराया। बालिका सिंगल्स अंडर-15 फ़ाइनल में सिद्धिमा साहू (दंतेवाड़ा) ने वेदिका एस. ज्ञानी (दुर्ग) को 21-17, 21-17 से हराया। बालक सिंगल्स अंडर-17 फ़ाइनल में वैभव सिंह (बलौदाबाजार) ने अथर्व शर्मा (रायपुर) को 21-23, 21-6, 21-10 से हराया। बालिका सिंगल्स अंडर-17 फ़ाइनल में रेनुश्री यावरना (रायपुर) ने रेवाराजे वर्मा (रायपुर) को 16-21,23-21,21-13 से हराया। बालक का युगल अंडर-15 फ़ाइनल में दीप पटेल (रायपुर) / हृद्यांश पटेल (रायपुर) की जोड़ी ने हर्षित कुमार (रायगढ़) / लक्ष्य प्रधान (रायगढ़) की जोड़ी को 21-13, 21-19 से हराया। बालिका युगल अंडर-15 फ़ाइनल में खानक साहू (दंतेवाड़ा) / वेदिका एस. ज्ञानी (दुर्ग) की जोड़ी ने शन्वी गुप्ता (रायपुर) / सिद्धिमा साहू (दंतेवाड़ा) की जोड़ी को 21-18, 22-20 से हराया। बालक युगल अंडर-17 फ़ाइनल में गर्वित कंसल (दुर्ग) / मोहम्मद अयान (बलौदाबाजार) की जोड़ी ने अनुराग बघेल (रायगढ़) / नवनीत कुमार (रायगढ़) की जोड़ी को 21-13, 21-18 से हराया। बालिका युगल अंडर-17 फ़ाइनल में हिमाबिंदु श्यामलराव यावरना (रायपुर) / रेनुश्री पहल (राजनांदगाँव) की जोड़ी ने गौरी एस. अय्यर (दुर्ग)/रेवाराजे वर्मा (बिलासपुर) की जोड़ी को: 21-18,16-21, 21-11 से हराया।

मिश्रित युगल अंडर-15 फ़ाइनल में लक्ष्य प्रधान (रायगढ़)/अदिति सिंह (रायगढ़) की जोड़ी ने अथर्व अवधूत (दुर्ग) / सृजा दास (दुर्ग) की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। मिश्रित युगल अंडर-17 फ़ाइनल में गर्वित कंसल (दुर्ग) /गौरी एस. अय्यर (दुर्ग) की जोड़ी को अथर्व शर्मा (रायपुर)/हिमाबिंदु श्यामलराव यावरना की जोड़ी को 21-13, 21-14 से हराया।

### इंटर कॉलेज एथलेटिक्स में रविवि का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (यूटीडी) की एथलेटिक्स टीम ने इंटर कॉलेज एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में निशा–100 मीटर व 200 मीटर–स्वर्ण पदक,भूपेंद्र चौहान–100 मीटर–रजत पदक,भूपेंद्र चौहान–लंबीकूद–रजत पदक, नाहांशाह–हाई जंप–स्वर्ण पदक,सुराज गिलहरे–जेवलिन थ्रो–स्वर्ण पदक, निरंजन हाईजंप–स्वर्ण पदक,लक्ष्मी–ट्रिपल जंप–स्वर्ण पदक हासिल किए।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सचिदानंद शुक्ला, निदेशक प्रो. रीता वेणु गोपाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजीव चौधरी, तथा प्रो. सी.डी. आगसे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। टीम के कोच राहुल कुमार पासवान एवं मैनेजर सुरज देशलहरे थे।

फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के शुरूआती लक्षण आपको जानना जरूरी

# फेफड़ों से जुड़े ये लक्षण न करें नजरअंदाज हो सकता है इन गंभीर बीमारियों का संकेत

वायु प्रदूषण इन दिनों अपने चरम पर है, और ऐसे में फेफड़े से जुड़ी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। कई लोग जानकारी के अभाव में लक्षणों को पहचान नहीं पाते हैं। आइए जानते हैं कि फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के शुरूआती लक्षण क्या होते हैं?

हमारे फेफड़े शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं, जो हमें लगातार सांस लेने और रक्त को ऑक्सीजन पहुंचाने का जरूरी काम करते हैं। इन दिनों वायु प्रदूषण अपने चरम पर है, दिल्ली के कई जगहों पर एक्यूआई 400 से अधिक है, ऐस में फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है।

फेफड़ों की बीमारियां, जैसे अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, और फेफड़ों का कैंसर, अक्सर शुरुआत में हल्के लक्षणों के साथ सामने आती हैं, जिन्हें लोग सामान्य सर्दी-खांसी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। दुर्भाग्य से यही लापरवाही इन बीमारियों को गंभीर स्तर तक पहुंचा देती है, जहां उनका इलाज मुश्किल हो जाता है। इसलिए यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि कौन से लक्षण चेतावनी के रूप में काम करते हैं और कब डॉक्टर से मिलना जरूरी है।



फेफड़ों से जुड़े चार मुख्य लक्षण हैं, जिन्हें कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ये किसी गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इन लक्षणों पर तुरंत ध्यान देने से समय पर निदान और उपचार संभव हो पाता है, जिससे जीवन बचाया जा सकता है और फेफड़ों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सकता है।

### लगातार बनी रहने वाली खांसी

फेफड़ों की समस्याओं का सबसे आम और पहला संकेत है लगातार बनी रहने वाली खांसी। यदि आपकी खांसी तीन सप्ताह या उससे अधिक समय तक बनी रहती है और यह सामान्य उपचार के बावजूद ठीक नहीं हो रही है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। यह क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी या फेफड़ों के कैंसर का शुरुआती लक्षण हो सकती है। कफ में खून आना तत्काल चिकित्सकीय परामर्श की मांग करता है।


### सांस लेने में कठिनाई (सांस फूलना)



सांस लेने में कठिनाई या सांस फूलना एक और गंभीर चेतावनी है। यदि आपको मामूली शारीरिक गतिविधि करने पर भी साँस फूलने लगती है, जैसे कि सीढ़ियां चढ़ना, तो यह फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी का संकेत है। यह अक्सर अस्थमा, सीओपीडी या हृदय संबंधी समस्याओं से जुड़ा हो सकता है। बिना स्पष्ट कारण के सांस फूलना खतरनाक हो सकता है।

### सीने में लगातार दर्द

सीने में दर्द कई समस्याओं का संकेत हो सकता है, लेकिन यदि यह दर्द लगातार बना रहता है, खासकर सांस लेने या खांसने के दौरान, तो यह फेफड़ों से संबंधित हो



सकता है। यह दर्द अक्सर फेफड़ों के बाहरी आवरण (प्लूरिसी) में सूजन, संक्रमण या गंभीर मामलों में फेफड़ों के कैंसर का संकेत हो सकता है। किसी भी लंबे समय तक रहने वाले सीने के दर्द को अनदेखा न करें।

### घरघराहट या असामान्य आवाज

सांस लेते समय घरघराहट या छाती से सीटी जैसी कोई असामान्य आवाज़ आना फेफड़ों से जुड़ी एक और गंभीर समस्या है। यह आवाज़ तब आती है जब सांस की नलियां सिकुड़ जाती हैं। यह अस्थमा का एक विशिष्ट लक्षण है, लेकिन यह गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया या फेफड़ों में संक्रमण का भी संकेत हो सकता है। ऐसी आवाजें सुनने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें।



## मेडिटेशन के भी होते हैं साइड इफेक्ट्स, इन्हें जरूर जानें

मेडिटेशन यानि ध्यान कई लोगों के लिए अच्छा है, लेकिन हर किसी के लिए अनुभव एक जैसा नहीं होता है। कुछ रिसर्च बताती हैं कि मेडिटेशन के भी कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसे सही गाइडेंस में करना जरूरी होता है।

जब भी हम परेशान होते हैं, तो मेडिटेशन करने की सलाह दी जाती है। इससे मन को सुकून मिलता है। हम फ्रेश फील करते हैं। हमेशा मेडिटेशन के फायदों के बारे में ही बात की जाती है, लेकनि क्या आपको मालूम है क इसके साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। जी हां, ऐसा हम नहीं, बल्क रिसर्च कहती है। मेडिटेशन हर किसी के लिए हमेशा आसान या पूरी तरह से सेफ नहीं होता है। आपको जरूर जानना चाहिए कि मेडिटेशन के क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। साथ ही इसके फायदों के बारे में भी जानना चाहिए।

कई नई स्टडीज में पाया गया है कि कुछ लोगों को मेडिटेशन करने से चिंता, अजीब-सा एहसास, नींद में दिक्कत या कभी-कभी खराब मूड भी महसूस हो सकता है। एक स्टडी के मुताबिक, मेडिटेशन को आमतौर पर सेफ माना जाता है, लेकिन इसके रिएक्शन पर मौजूद रिसर्च अभी भी सीमित है।



### लोगों ने बताए निगेटिव एक्सपीरियंस

अमेरिका में की गई एक बड़ी स्टडी में पाया गया कि लगभग 60% लोगों ने कम से कम एक निगेटिव एक्सपीरियंस बताया जैसे चिंता बढ़ना या अजीब लगने जैसा महसूस होना। लगभग 30% ने कहा कि ये अनुभव उन्हें परेशान कर गया। लगभग 9% लोगों ने बताया कि इसका असर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ा।

### चिंता या डिप्रेशन से परेशान हुए लोग

वहीं, एसोसएिशन फॉर साइकोलॉजिकल साइंस की स्टडी के मुताबिक, करीब 8% लोग मेडिटेशन के बाद बढ़ी हुई चिंता या डिप्रेशन जैसे लक्षण महसूस कर सकते हैं। नियमित मेडिटेशन करने वाले 25% से ज्यादा लोगों ने कभी-कभी डर, खालीपन या खुद से कटा-कटा सा महसूस किया। हालांकि, इसका मतलब ये नहीं कि मेडिटेशन खराब है। इसका मतलब ये है कि हर किसी का एक्सपीरियंस अलग होता है।

### क्या हैं साइड इफेक्ट्स?

दिल घबराना या बेचैनी महसूस होना,खुद से या आसपास की चीजों से कटा-कटा सा महसूस होना,पुराने दुख या यादें अचानक वापस आ जाना,अजीब-सा डर लगना, मन का भारी हो जाना

### किन लोगों को ज्यादा दिक्कत हो सकती हैं?

जिनके मन में पहले से तनाव या चिंता है। जो बहुत ज्यादा समय तक मेडिटेशन करते हैं जो बिना तैयारी के अचानक गहरे मेडिटेशन में चले जाते हैं जो उम्मीद करते हैं कि हर बार बस शांति ही मिलेगी इन लोगों को कभी-कभी उल्टा असर महसूस हो सकता है।



# बीआईटी दुर्ग की महिला टीम और एसएसआईपीएमटी रायपुर की पुरूष टीम ने मारी बाजी

### सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) द्वारा आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल समापन आज एन वी प्रो बैडमिंटन अकादमी हुड़को दुर्ग में किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला वर्ग में बीआईटी दुर्ग विजेता और एसएसटीसी भिलाई उपविजेता रही, वहीं पुरुष वर्ग में एसएसआईपीएमटी रायपुर विजेता और आरसीईटी आर-1 भिलाई उपविजेता रही। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह एवं उद्बोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.जी. ब्रजेश ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा –तकनीकी शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों का बढ़ना बेहद सराहनीय है। बैडमिंटन जैसे प्रतिस्पर्धी खेल से छात्रों में फुर्ती, अनुशासन और निर्णय क्षमता का विकास होता है।




**विश्वविद्यालय बैडमिंटन टीम हेतु चयन**

पुरुष वर्ग – चयनित खिलाड़ी (5)
खिलाड़ी संस्थान
समीर मलिक एसएसआईपीएमटी रायपुर
एलिसन थॉमस शासकीय पॉलिटेक्निक अंबिकापुर
शौर्य कृष्णा एसएसआईपीएमटी रायपुर
उभय राज सिंह एसएसआईपीएमटी रायपुर
तनिष्क पांडेय आरसीईटी आर-1 भिलाई
3 खिलाड़ी स्टैंडबाय में चयनित--
महिला वर्ग – चयनित खिलाड़ी (5)
खिलाड़ी संस्थान
अंशिका चंद्रवंशी एसएसटीसी भिलाई
नम्रता रॉय बीआईटी दुर्ग
मीमांसा वर्मा एस एसआईपीएमटी रायपुर
सुहानी जैन बीआईटी दुर्ग
श्रेया पांडेय बीआईटी दुर्ग

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा –"सीएसवीटीयू लगातार राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएँ आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य है कि तकनीकी छात्र भी खेल क्षेत्र में पहचान बनाएं। इस आयोजन से स्पष्ट है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती देने के लिए तैयार हैं। आयोजन सचिव डॉ. अमित श्रीवास्तव ने कहा इतने बड़े स्तर पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन सभी महाविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से संभव हुआ है। हम चाहते हैं कि चयनित खिलाड़ी आगे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में डॉ. आर.जी. ब्रजेश मुख्य अतिथि, किशोर कुमार भारद्वाज – विश्वविद्यालय खेल निदेशक (अध्यक्षता),डॉ. अमित श्रीवास्तव – आयोजन सचिव,सेनि. लेफ्टिनेंट एवं खेल अधिकारी के.पी. यादव – पर्यवेक्षक,सहा. प्राध्यापक शेषनारायण साहू,वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव,अंपायर आभास अग्रवाल, निखिल प्रसाद, रोहित शर्मा, स्वप्निल, अनुभव ताम्रकार व तनमय रहे चयनकर्ता – विवेक कुमार साहू एवं विक्रांत शर्मा, कोच, मैनेजर, दर्शक एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दृष्टि पाली एसआईपीएमटी रायपुर
3 खिलाड़ी स्टैंडबाय में चयनित)

महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में समान प्वाइंट होने पर गोल्डन प्वाइंट का निर्णय लागू किया गया, जिसमें बीआईटी दुर्ग ने बढ़त हासिल कर खिताब जीता।

क्रिकेट भी रहा आकर्षण का केंद्र

इसी क्रम में पं. रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में चल रही सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दो महत्वपूर्ण मैच खेले गए।

### आज के मैच परिणाम

पहला मैच सीईसी बिलासपुर ने विश्वविद्यालय फार्मेसी महाविद्यालय को 8 विकेट से हराया। दूसरा मैच शासकीय पॉलिटेक्निक बालोद की टीम को पूर्ण गणवेश में न आने से 5 रन की पेनाल्टी लगी, कड़े मुकाबले के बाद सीसीओपी बिलासपुर ने 6 रन से मैच जीता। सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित दोनों प्रतियोगिताओं में 28 क्रिकेट टीमें और 41 बैडमिंटन टीमों की भागीदारी रही, जिसने तकनीकी संस्थानों में खेल संस्कृति को एक नई दिशा दी है। प्रतिभागियों का उत्साह, अनुशासन और दर्शकों की भारी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

**कार्नर न्यूज**

## शेयरेंटिंग को जानिए, खुद माता-पिता पहुंचाते हैं बच्चे की निजता और सुरक्षा को नुकसान

# माता-पिता की छोटी सी गलती भी प्रभावित करती है बच्चों को, ध्यान रखें इन बातों का

आप अपने बच्चे की हर तरह की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं। किसी में वह रो रहा है तो कहीं 99 फीसदी अंकों के साथ पास हुआ है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि आपकी इस शेयरेंटिंग का बच्चे के मन पर क्या असर पड़ेगा और यह उसे नुकसान पहुंचा सकती है? जानकार शेयरेंटिंग को डिजिटल ओवर शेयरिंग कहते हैं। हर चीज बिना सोचे-समझे ऐसे ही सोशल मीडिया पर शेयर कर देने को विशेषज्ञ 'शेयरेंटिंग' का नाम देते हैं। शेयरेंटिंग काफी समय से चलन में भी है, जिसका सबसे ज्यादा शिकार हैं बच्चे।

### पहले समझें, क्या है 'शेयरेंटिंग'

सोशल मीडिया के दौर में शेयरेंटिंग काफी चलन में है। इसका मतलब है पेरेंट्स की ओर से अपने बच्चों के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर करना। इस जानकारी में फोटो, वीडियो, रिजल्ट और उनकी फ्यूचर प्लानिंग जैसी कई चीजें शामिल हो सकती हैं। अध्ययन बताते हैं कि शेयरेंटिंग एक तरह से डिजिटल ओवर शेयरिंग है। इसमें माता-पिता बच्चों के



बारे में अत्यधिक जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर कर देते हैं।

आमतौर पर हर माता-पिता को यह बात सामान्य लगती है, लेकिन असल में इसके कई दूरगामी परिणाम बच्चे और माता-पिता, दोनों को भुगतने पड़ सकते हैं, क्योंकि एक तरह से शेयरेंटिंग से बच्चे की निजता और सुरक्षा के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंधों और भविष्य की संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई मामलों में यह माता-पिता और बच्चों के बीच दूरी का कारण भी बनता है।

### बच्चों पर बढ़ता है दबाव

कई बार अति उत्साह में माता-पिता बच्चों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करने के साथ ही 'नेक्स्ट गोल', 'अगली उपलब्धि', 'अभी और पड़ाव पार करने हैं' और 'रुकना नहीं है, दूर तक जाना है' जैसी बातें लिख देते हैं। उनका उद्देश्य बच्चों को प्रेरित करना होता है, लेकिन कभी-कभी यही बातें बच्चों के लिए दबाव बन जाती हैं, जैसा कि रौनक के साथ हुआ।

रौनक ने 10वीं क्लास में 98 प्रतिशत नंबर हासिल किए। उसकी उपलब्धि से खुश होकर रौनक के माता-पिता ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उसकी तस्वीर के साथ लिखा, "अब कदम 100 प्रतिशत पर रुकेंगे।" बस, यह देखते ही रौनक परेशान हो गया और धीरे-धीरे उस पर मानसिक दबाव बढ़ने लगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की किसी भी पोस्ट से बच्चे तनाव में आ सकते हैं। अगर बच्चा माता-पिता द्वारा बनाए गए गोल को प्राप्त नहीं कर पाता तो उसके मन में सैकड़ों-हजारों लोगों के सामने शर्मिंदा होने का डर बैठ जाता है। इससे उसका आत्मविश्वास टूट सकता है, क्योंकि जो बातें घर की चहारदीवारी में होनी चाहिए थीं, उन्हें माता-पिता ने सोशल मीडिया पर शेयर कर सार्वजनिक कर दिया। इसलिए बच्चों को अपनी इच्छाएं या गोल आप जितना निजी तौर पर बताएंगी, उतना ही अच्छा रहेगा।

### सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

"हाय नेहा, पहचाना? सुना है, तुम मॉडलिंग करना चाहती हो। इसमें मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं।" नेहा चौंक गई और उसने पूछा, "आप मुझे कैसे जानते हैं?"



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फ्रैंकनस्टाइन' फिल्म के मेकओवर में जैकब को लगे 10 घंटे, वायरल वीडियो देख फैंस हैरान



थिएटर के बाद हाल ही में ओटीटी पर फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' रिलीज हुई। फिल्म में जैकब एलोर्डी ने एक खास किरदार निभाया, जिसके मेकओवर के लिए उन्हें लगभग 10 घंटे तक का समय लगता था। सोशल मीडिया पर उनके मेकओवर का वीडियो वायरल है, इस पर फैंस भी रिएक्शन दे रहे हैं। फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' नेटफ्लिक्स पर हाल ही में स्ट्रीम हुई। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज पर ही जैकब एलोर्डी के मेकओवर का वीडियो शेयर किया गया। इसमें वह प्रोस्थेटिक मेकअप करवा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10 घंटे तक यह मेकअप चलता था। वायरल वीडियो के आखिर में भी वह फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' के मॉन्स्टर के रूप में सामने आते हैं। मेकओवर के दौरान वह कभी किताब पढ़ते हैं, कभी फोन चलाते हैं। इसी डेडिकेशन के फैंस कायल हो गए। जैकब एलोर्डी के मेकओवर को देखते फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। जैकब और मेकओवर की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म और उनके किरदार को सराहा है, फिल्म को साल की बेस्ट मूवी कहा। कई लोगों ने मेकअप करने वाली टीम की तारीफ की। एक यूजर्स ने तो कहा कि वह 'फ्रैंकनस्टाइन' के प्यार में पड़ चुकी है। कई यूजर्स ने हार्ट, फायर इमोजी भी एक्टर जैकब के लिए शेयर किए।

### टॉलीवुड

## दर्शकों को पसंद आ रही दुलकर की फिल्म 'कांथा', नेटिजंस बोले- अब तक की बेस्ट एक्टिंग



अभिनेता दुलकर सलमान की फिल्म 'कांथा' देखने के बाद नेटिजंस एक्स पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। दुलकर सलमान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांथा' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म के आने के बाद दर्शक इसे थिएटर्स में देख प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। यह फिल्म नेटजिसं को पसंद आ रही हैं। राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया द्वारा निर्मित फिल्म 'कांथा' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म को दर्शक पसंद कर रहे हैं। सेल्वामनी सेल्वराज द्वारा निर्देशित 'कांथा' को राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम सहित हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया है।

### भोजपुरी

## खेसारी ने फौजी बनकर कमाए करोड़ों, है भोजपुरी की सबसे महंगी फिल्म



भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव इस वक्त बिहार चुनाव को लेकर चर्चा में हैं. फिल्मी दुनिया में भी एक्टर ने कमाल की पहचान बनाई है और राजनीति में भी अपना ढंका बजाया है. उन्होंने अपने फिल्मी करियर में भी काफी नाम कमाया है, ऐसे में जानते हैं एक्टर की सबसे महंगी फिल्म के बारे में.

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव हर बार अपनी फिल्मों से कुछ नया कर दिखाते हैं. चाहे रोमांस हो, एक्शन या फिर देशभक्ति—खेसारी का अंदाज हमेशा हटकर होता है. लेकिन इस बार उन्होंने एक ऐसा कदम उठाया जिससे पूरा भोजपुरी इंडस्ट्री गर्व महसूस कर रहा है. उन्होंने अपनी फिल्म 'रंग दे बसंती' से न केवल रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि इसे भोजपुरी सिनेमा की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बना दिया.


'रंग दे बसंती' का बजट भोजपुरी सिनेमा के हिसाब से चौंकाने वाला है. ये फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी, रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म पर करीब 7 से 10 करोड़ रुपये खर्च किए गए. ये पहली बार हुआ जब किसी भोजपुरी फिल्म को इतनी बड़ी लागत से बनाया गया. फिल्म में विशाल सेट, दमदार एक्शन, और बेहतरीन लोकेशन का इस्तेमाल किया गया है. मेकर्स ने इसकी शूटिंग को बिल्कुल बॉलीवुड लेवल पर तैयार किया, ताकि दर्शकों को एक अलग एक्सपीरियंस मिले.

खेसारी लाल यादव ने न सिर्फ इसमें मुख्य किरदार निभाया बल्कि फिल्म के प्रोडक्शन में भी अपनी बड़ी भूमिका निभाई. 'रंग दे बसंती' की सबसे बड़ी बात ये रही कि खेसारी लाल यादव के साथ उनके बेटे ऋषभ यादव ने भी इस फिल्म में काम किया. पिता-पुत्र की यह जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आई. ऋषभ ने फिल्म में एक छोटे लेकिन महत्वपूर्ण किरदार को निभाया है. ऋषभ ने इस फिल्म से इंडस्ट्री में डेब्यू किया है. फिल्म में खेसारी एक फौजी के किरदार में दिखते हैं, 'रंग दे बसंती' एक सैनिक की कहानी है.

इसमें देशभक्ति की भावना के साथ-साथ इमोशन और एक्शन का शानदार मेल देखने को मिला. 'रंग दे बसंती' को पूरे भारत में 250 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया. यह पहली भोजपुरी फिल्म थी जिसे मल्टीप्लेक्स में भी जगह मिली. रिलीज के पहले ही दिन फिल्म ने जोरदार ओपनिंग की और पहले तीन दिनों में करीब 45 लाख रुपये की कमाई की. बाद में फिल्म की कुल कमाई 15 से 20 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. यह आंकड़ा भोजपुरी फिल्मों के लिए बहुत बड़ा माना जाता है.

## फ्लोरल फैंटेसी

फ्लोरल मोटिफ्स 3डी एप्लिक, जटिल कढ़ाई और हाथ से पेंट किए गए डिज़ाइनों में शामिल है। डिजाइनरों की मानें तो कैस्केडिंग फ्लोरल पैटर्न वाले ब्राइडल लहंगे या खिली-खिली डिज़ाइन की साड़ियाँ ट्रेंड में है, जो रोमांस और जीवंतता की प्रतीक हैं। खास ब्राइडल लहंगे मेहंदी फंक्शन में गार्डन थीम के साथ प्रकृति का स्पर्श जोड़ने के लिए एकदम सही हैं। भारतीय फैशन में फ्लोरल लहंगे बेहद पसंद किए जार हैं। खासकर शादी और पार्टियों के माहौल में इनकी मांग बढ़ गई है।




## सिर पर नहीं टिकता है पल्लू तो अपनाएं ये तरीके, नई दुल्हनों के काम आएंगी ये ट्रिक्स



शादी के बाद हर दूल्हा और दुल्हन की जिंदगी में काफी बदलाव आता है। दूल्हे को तो इस बदलाव को अपनी जिंदगी में शामिल करने में ज्यादा परेशानी नहीं होती क्योंकि उनकी बस जिम्मेदारियां बढ़ती हैं लेकिन एक दुल्हन की तो जिंदगी ही शादी के बाद बदल सी जाती है। खासतौर पर जब कोई लड़की दुल्हन बनकर नए घर जाती है, तो उनसे तमाम तरह की उम्मीदें की जाती हैं। लड़कियों के रहने-सहने से लेकर उनके पहनावे तक में काफी बदलाव आता है। भले ही शादी कितनी भी मॉर्डन परिवार में हुई हो, लेकिन शादी के बाद की रस्मों में साड़ी ही पहननी पड़ती है और पूजा के वक्त सिर पर पल्लू भी रखना पड़ता है। सिर पर पल्लू रखना कई जगह की प्रथा में भी शामिल है लेकिन शुरुआत के वक्त पल्लू बार-बार सिरकता रहता है। इसी परेशानी को देखते हुए आज हम आपको पल्लू सेट करने के कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।



### बालों में बनाएं जूड़ा

अगर आपके सिर पर पल्लू नहीं टिकता है तो बालों को खुला रखने की बजाए उसमें जूड़ा बनाएं। जूड़ा बनाकर आप अपने पल्लू को इसमें अटैच कर सकते हैं। इसके लिए आपको जूड़ा पिन की मदद लगेगी। जूड़ा पिन लेकर अपने पल्लू को जूड़े में अटैच कर दें।

### कंधे पर करें पिनअप

अपने पल्लू को सेट करने के लिए आप एक पिन कंधे पर जरूर लगाएं। इससे सिर पर से पल्लू हटेगा नहीं। आप आसानी से सेफ्टी पिन लगाकर कंधे पर साड़ी का थोड़ा सा पल्लू सिक्योर कर सकती हैं।

### ऐसे सेट करें बॉर्डर वाली साड़ी का पल्लु

अगर आपकी साड़ी में हैवी बॉर्डर है तो आप बॉर्डर वाली साड़ी का पल्लू सिर पर लेते समय पीछे साइड पर एक हुक लगा लें। इस हुक को अपने बालों में फंसा लें। इस टिप्स को तभी इस्तेमाल करें, जब आपको कुछ देर के लिए ही साड़ी पहननी हो।

### हेयर पिन का करें इस्तेमाल

हेयर पिन तो हर महिला के पास होती है। ऐसे में आप पल्लू को हेयर पिन की मदद से सेट कर सकती हैं। हेयर पिन की मदद से पल्लू को टिकाने


## प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता।

इन सभी परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए बाजार में तमाम तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, जिनमें काफी ज्यादा केमिकल भी पाया जाता है। ऐसे में ये फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान भी पहुंचा देते हैं। इसी के चलते ज्यादातर लोग चेहरे को चमकाने के लिए घरेलू प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने चेहरे के दाग-धब्बों को साफ कर सकते हैं।

### दही और नींबू

अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस



मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

### एलोवेरा जेल

अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पपीता

अगर आपके चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे हैं तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के इस्तेमाल से आप अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं।

### नींबू का रस

अगर आप आसानी से अपने घर पर चेहरे को साफ करना चाहती हैं तो नींबू के रस में चीनी मिलाकर स्क्रब करने से भी धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है।

### हल्दी

हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा चमक उठेगा। इसको लगाने के लिए बस आपको इसका पैक तैयार करना है और फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### तुलसी के पत्ते

हर घर में तुलसी का पौधा पाया जाता है। इसके इस्तेमाल से आपको दमकती त्वचा मिल सकती है।

## बालों को लाल करने के लिए मेहंदी में मिलाएं इन्हें, दिखेगा काफी अच्छा असर

बालों को रंगने के लिए मेहंदी सबसे सही विकल्प मानी जाती है। इससे बालों को नेचुरल लाल किया जा सकता है। मेहंदी से ना सिर्फ बालों का रंग बदलता है, बल्कि साथ ही में इसके इस्तेमाल से बाल झड़ने की समस्या भी कम हो जाती है। ऐसे में अगर आप चाहते हैं कि मेहंदी का असर बालों पर ज्यादा हो, तो मेहंदी में कुछ चीजों को जरूर मिलाएं। इसमें आप चुकंदर का रस मिला सकते हैं। इसके लिए चार से पांच चम्मच मेहंदी में दो से तीन चम्मच चुकंदर का रस मिलाएं। अब इसे रात भर के लिए लोहे की कढ़ाही में छोड़ दें। सुबह इस मेहंदी को अच्छे से बालों पर लगा लें। इससे आपको फायदा जरूर दिखेगा। मेहंदी में गुड़हल के फूल का पाउडर आप मिला सकते हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए 5-6 चम्मच मेहंदी में 3 चम्मच गुडहल के फूल का पाउडर और चाय के पानी को छानकर एक साथ मिला लें। रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। सुबह मेहंदी को बालों में लगा लें। अगर आप चाहते हैं कि आपके बालों में नेचुरल लाल रंग आए तो मेहंदी में कॉफी पाउडर मिलाएं। इसके लिए आपको बस 4 से 5 चम्मच मेहंदी को 1/2



गिलास पानी में कॉफी पाउडर को डालकर मिक्स करें। इसे रात भर भिगोकर रखने के बाद सुबह मेहंदी में लगा लें। कत्था आपको पान की शॉप में आसानी से मिल जाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको 4 से 5 चम्मच मेहंदी में 1 चम्मच कत्था पाउडर और चाय पत्ती के पानी मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को भी रातभर भिगो कर रखना है। सुबह इस मेहंदी को आप अपने बालों में लगा सकती हैं।

## रूसी से छुटकारे के साथ बालों को बनाएं सेहतमंद

सर्दियों के मौसम में रूसी यानि डैंड्रफ की सबसे बड़ी समस्या ये है कि ये हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है और जब लोगों के कंधों पर डैंड्रफ दिखने लगता है, तो लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। वैसे अगर आप चाहें तो इस स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं और उन कई कारणों को कम कर सकते हैं, जो सर्दियों में आपके बालों को खराब करते हैं और आपको डैंड्रफ की ओर ले जाते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें से अधिकतर उपाय न केवल आसान हैं, बल्कि इनमें बहुत कम समय भी लगता है।

नारियल का तेल आपकी त्वचा और बालों से संबंधित लगभग सभी समस्याओं से निपटने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जब बात आपके बालों और सिर की त्वचा को फिर से जीवंत करने की आती है, तो यह बिल्कुल नए स्तर पर काम करता है। नारियल तेल की गर्म मालिश न केवल आपके स्कैल्प को नमी बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी बहुत प्रभावी है, जो बदले में न केवल आराम देता है, बल्कि आपकी स्किन को भी एक अच्छी वाइब देता है।

हम जानते हैं कि ज्यादातर लोग सर्दियों में नियमित रूप से नहाने से बचते हैं, लेकिन यह बिल्कुल अच्छी आदत नहीं है। मौसम की परवाह किए बिना रोज नहाना



आपके लिए बहुत फायदेमंद है। आप जो कर सकते हैं, वह है पानी का तापमान नियंत्रित करना। गर्म पानी या बर्फीले ठंडे पानी से स्नान करने के बजाय, पानी को सही तापमान पर सेट करने का प्रयास करें। यह न केवल आपके बालों में दिन भर जमा होने वाली अधिकांश धूल और मिट्टी को धो देता है, बल्कि यह आपकी स्किन को अधिक ब्लड सर्कुलेशन की सुविधा प्रदान करता है। और चूंकि हर दिन अपने बालों को शैम्पू या कंडीशनर करना संभव नहीं है, इसलिए नहाने से आपके बाल साफ और चमकदार बने रहते हैं।

पुरुषों के लिए ये थोड़ा अपरंपरागत तरीका है, लेकिन जनाब स्टीम वास्तव में आपकी खोपड़ी और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है।

## कार्नर न्यूज

### काला रंग पसंद करने वाले बनते हैं महफिल की शान

## पार्टी में ब्लैक ड्रेसिंग के लिए जरूरी टिप्स करेंगे आपकी मदद, लुक दिखेगा बिल्कुल परफेक्ट

काला रंग आपको बहुत पसंद है और इसको पहनने का कोई भी मौका आप हाथ से नहीं जाने देते हैं तो ऑल ब्लैक लुक अपनाने का सही तरीका जान लीजिए। ऐसा न हो कि आप ब्लैक लुक के चक्कर में अपना लुक ही बिगाड़ लें। इसलिए जरूरी है कि काला ड्रेस अप लेने से पहले कुछ खास ड्रेसिंग टिप्स आजमा लिए जाएं। इन टिप्स के साथ आपका ऑल ब्लैक लुक सबको खूब भाएगा। ब्लैक कपड़े ही पहनने हैं तो इनमें अलग-अलग टेक्सचर अपनाएं। इसके लिए अलग-अलग टेक्सचर के फैब्रिक का चुनाव करें। डेनिम, कॉटन और लेदर जैसे फैब्रिक काले कलर में अच्छे लगते हैं और अलग सा टेक्सचर भी देते हैं। इनको मैच करने का एक तरीका है कि आप ऊपर एक फैब्रिक लें और नीचे के कपड़ों के लिए दूसरा। हमेशा अच्छे से फिट होने वाले ब्लैक कपड़े ही चुनें। इसके लिए आप स्लिम, टेम्पर्ड और रेगुलर फिट चुनिए, इससे आपको मोनोक्रोमोटिक लुक मिल जाता है। काले रंग के कपड़े अगर ज्यादा बड़े होंगे तो उनमें आपका लुक काफी



भारी भरकम आएगा। आपके ब्लैक लुक को कूल टच देने के लिए आपको ऐसे ब्लैक कपड़े चुनने होंगे जिनमें ग्राफिक या प्रिंट्स हों। इस तरह से आपके कपड़ों को कूल टच मिलेगा। वही काले कपड़े आपको इन ग्राफिक के साथ बेहतरीन लुक देंगे। ग्राफिक के साथ स्लोगन लिखे काले कपड़े भी कमाल करते हैं। अपने ऑल ब्लैक लुक के साथ एसेसरीज पहनकर आप अपने इस लुक को परफेक्ट बना सकते हैं। चंकी चेन, नेकलेस और रिंग जैसी एसेसरीज इस पूरे काले लुक को पर 'चेरी ऑन द केक' का काम करेंगी। पूरा काला लुक पहनने से लोग बचते रहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऊपर से नीचे तक काला पहनकर लुक अजीब आएगा। इसलिए आप 'शो सम स्किन' वाला फंडा अपनाइए। जैसे ब्लैक कपड़े पहनें तो जींस डिस्ट्रेस वाली ले लें।

### ब्लैक ड्रेसिंग के लिए

एक्सेसरीज़ पर ध्यान दें, जैसे कि ज्वैलरी, फुटवियर और एक स्टाइलिश पर्स चुनें। आप बोल्ड या स्टेटमेंट पीस पहनकर अपने लुक में ग्लैमर जोड़ सकती हैं, और अपनी ड्रेस को आकर्षक बनाने के लिए शिमरी या चमकदार गहनों को पहन सकती हैं। मेकअप में, बोल्ड आई-मेकअप चुनें और एक न्यूड लिपस्टिक के साथ लुक को संतुलित करें।

### एक्सेसरीज़ और फुटवियर

ज्वैलरीः अपने ब्लैक ड्रेस के साथ चमकदार सिल्वर या गोल्डन ज्वैलरी पहनें। आप रंग-बिरंगे मोतियों या अन्य सामग्रियों से बनी ज्वैलरी को भी पहनकर एक चंचल और आकर्षक लुक बना सकती हैं।

